राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ ब्लैक कट-आउट ड्रेस में अवनीत कौर का...



फुटबॉल प्रेमियों की बढ़ी धड़कने... ◀ 12

गाजियाबाद, मंगलवार 18 अगस्त 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 162, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

# एअर इंडिया के 2 और पायलट ड्रग टेस्ट में फेल, फ्लाइट रोस्टर से हो गई छुट्टी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** फुकेत-दिल्ली एयर इंडिया उड़ान में पायलट के कथित तौर पर ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद

**एयर इंडिया ने घटना के बाद अपने सभी पायलटों के ड्रग टेस्ट कराने का फैसला लिया था**

एयरलाइन की ओर से शुरू की गई जांच में दो और पायलट शुरूआती ड्रग टेस्ट में पास नहीं हो सके हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पायलटों को फिलहाल ड्यूटी से हटा दिया गया है और उनके अंतिम टेस्ट के नतीजों



का इंतजार किया जा रहा है। एयर इंडिया ने घटना के बाद अपने सभी पायलटों के ड्रग टेस्ट कराने का फैसला लिया था। यह जांच एयरलाइन की नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत की जा रही है। अब तक 300 से अधिक पायलटों का परीक्षण किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार, अंतिम जांच रिपोर्ट आने में सामान्यतः 24 से 48 घंटे का समय लग सकता है। सूत्रों के मुताबिक, फुकेत-दिल्ली उड़ान में मौजूद केबिन क्रू के एक सदस्य ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया कि उड़ान से पहले पायलट ने कथित तौर पर गांजा का सेवन किया था।

# प्रशांत किशोर ने विधायक के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ ली

**पटना (आरएनएस)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सोमवार को



विधायक पद की शपथ ली। बिहार विधानसभा के मुख्य भवन में स्थित विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार के कार्यालय कक्ष में प्रशांत किशोर ने विधानसभा सभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। बिहार विधानसभा के स्पीकर प्रेम कुमार ने उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती, जन सुराज के प्रवक्ता कुमार सौरभ सिंह सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। शपथ लेने के बाद जन सुराज पार्टी के संस्थापक और विधायक प्रशांत किशोर ने मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बिहार विधानसभा का सदस्य बनना बहुत गर्व की बात है, जहां भारत रत्न कपूर्री ठाकुर, नीतीश कुमार और लालू यादव जैसे लोगों ने सदस्य के तौर पर सेवा की है। इनके साथ ही, सैकड़ों अन्य विधायकों और सदन के सदस्यों ने समाज और राज्य की बेहतरी के लिए अपने जीवन के कीमती साल समर्पित किए हैं।

# बिहार के लखीसराय में अशोक धाम मंदिर में भगदड़, 7 श्रद्धालुओं की मौत

**लखीसराय (आरएनएस)।** बिहार के लखीसराय जिले में मंदिर के बाहर भगदड़ से कम से कम 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 12 से अधिक लोग इस घटना में घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना अशोक धाम स्टेशन से मंदिर जाने वाले रास्ते पर हुई। पवित्र सावन महीने के तीसरे

**12 से अधिक लोग घायल**

सोमवार पर अशोक धाम मंदिर में पूजा-अर्चना और अनुष्ठान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां जमा हुए थे।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, रात में इस रास्ते पर बिजली का पोल तार समेत गिर गया था। श्रद्धालुओं के बीच यह अफवाह फैल गई कि एक खंभे में बिजली का करंट आ गया है। इससे लोग घबरा गए और बचने की कोशिश में अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे। इसके बाद भगदड़ मच गई, जिसमें कई श्रद्धालु फंस गए और एक-दूसरे के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों और अन्य श्रद्धालुओं ने तुरंत भीड़ में फंसे लोगों को बचाने की कोशिशें शुरू कर दीं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बचाव कार्य शुरू किए गए और



घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाने की व्यवस्था की गई। अभी तक कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत होने की जानकारी सामने आई। बताया गया कि मृतकों में सभी महिलाएं थीं। अभी मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। अशोक धाम मंदिर को श्री इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यहां एक विशाल शिवलिंग है, जो खुदाई के दौरान मिला था। खासकर सावन के पवित्र महीने के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। हिंदू धर्म में सावन के महीने का आध्यात्मिक महत्व है और इसे साल के सबसे पवित्र समय में से एक माना जाता है। श्रावण, जिसे सावन कहा जाता है, आमतौर पर जुलाई और अगस्त में आता है। सावन के दौरान, श्रद्धालु भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए पूजा और विभिन्न अनुष्ठान करते हैं। कई श्रद्धालु इस महीने में व्रत रखते हैं और खुद को भक्ति और प्रार्थना में समर्पित करते हैं।

# झारखंड में छात्र आंदोलन के बीच छात्रों की बड़ी जीत, जेपीएससी परीक्षा रद्द करने पर सहमत हुई हेमंत सरकार

**रांची (आरएनएस)।** रांची में जेपीएससी और जेएसएससी अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन के बीच झारखंड सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि छात्रों की जायज मांगों को मानने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों के साथ दो दौर की वार्ता के बाद कई मुद्दों पर सहमति बनी है। इसी क्रम में 14वीं जेपीएससी परीक्षा को रद्द करने पर भी सहमति बन गई है। मंत्री दीपिका पांडेय ने बताया कि



छात्रों के साथ बातचीत के बाद 14वीं जेपीएससी परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं और जेपीएससी- जेएसएससी की जांच राज्य सरकार की जांच एजेंसी सीआईडी से कराने का फैसला किया गया है। यदि किसी मामले में केंद्रीय एजेंसी से जांच की आवश्यकता महसूस हुई तो राज्य सरकार श्वष्ठ को भी पत्र लिखेगी।जेपीएससी- जेएसएससी को लेकर अभ्यर्थियों की चिंताओं पर मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निदेर्शों के बाद परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए और नियुक्ति पत्र भी बांटे गए। कई अभ्यर्थी करीब एक साल से नौकरी कर रहे हैं।

# दर्दनाक हादसा: प.बंगाल के तारापीठ में होटल में भीषण आग, 7 लोग जिंदा जले; मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के प्रसिद्ध तारापीठ में सोमवार सुबह एक प्राइवेट होटल में भीषण आग लगने से 7 लोगों की झुलसकर मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसा इतना भयावह था कि होटल में मौजूद लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार, यह हादसा तारापीठ पुलिस स्टेशन के पास तालाब के समीप स्थित बिदिशिनी होटल में सुबह करीब 4:30 बजे हुआ। आग होटल की ग्राउंड फ्लोर पर लगी और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकलकर्मियों ने होटल में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तत्काल रामपुरहाट सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब बनी 'दिमागी नक्सल पार्टी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब 'दिमागी नक्सल पार्टी नाम से सामने आया एक नया अकाउंट चर्चा का विषय बन गया है। दावा है कि इस अकाउंट ने महज 24 घंटे के भीतर 1.7 लाख से अधिक फॉलोअर्स जुटा लिए। हालांकि, अकाउंट के

**इंस्टाग्राम पर 24 घंटे में हुए 1.7 लाख फॉलोअर्स**

पीछे कौन व्यक्ति या समूह है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इंस्टाग्राम पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, अकाउंट इसी महीने बनाया गया है। अकाउंट के रिकॉर्ड में यूजरनेम बदले जाने का भी उल्लेख है। अब तक इस पर करीब 63 पोस्ट अपलोड की जा चुकी हैं और यह लगभग 35 अकाउंट्स को फॉलो करता है। तेजी से बढ़े फॉलोअर्स के कारण यह अकाउंट सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया है।

**पीएम मोदी के बयान के बाद चर्चा में आया नाम**

यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिए गए संबोधन के बाद चर्चा में आया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा था कि जंगलों में हथियार उठाने वाले नक्सलवाद को काफी हद तक समाप्त किया जा चुका है, लेकिन 'दिमागी नक्सल अब भी सक्रिय हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि ऐसे तत्व हिंसा के नए तरीके तलाश रहे हैं और देश को गलत दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं।




प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें अलग-थलग करने की जरूरत पर जोर दिया था।

**रिजिजू ने भी दी थी 'दिमागी नक्सल की व्याख्या**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए 'दिमागी नक्सलइ शब्द की व्याख्या की थी। उनके अनुसार, यह शब्द उन लोगों के संदर्भ में इस्तेमाल किया गया है जो माओवादियों का समर्थन करते हैं, संविधान को स्वीकार नहीं करते या अलगाववादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं। रिजिजू ने अपने बयान में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के समर्थन और पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से अलग करने की कथित साजिश जैसे मुद्दों का भी उल्लेख किया था।

**अकाउंट की पहचान और संचालन पर सवाल**

'दिमागी नक्सल पार्टीइ नाम सामने आने के बाद इसके तेजी से लोकप्रिय होने को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अकाउंट किसी व्यक्ति, समूह, व्यंग्यात्मक अभियान या संगठित सोशल मीडिया गतिविधि का हिस्सा है। अकाउंट संचालक की पहचान और इसके पीछे की मंशा की स्वतंत्र पुष्टि भी नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की तेजी से बढ़ती संख्या ने फिलहाल इस अकाउंट को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

**मिलेगा लाभ** | मुख्यमंत्री लोक भवन में उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे

# उचित दर विक्रेताओं का मार्जिन 90 से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल, प्रदेश के 78 हजार से अधिक को मिलेगा लाभ

**लखनऊ, (आरएनएस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के लगभग 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के मार्जिन मनी में वृद्धि की गई है। अब उचित दर विक्रेताओं को 90 रुपये के स्थान पर 125 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश मिलेगा। उन्होंने कहा कि उचित दर विक्रेता शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु हैं और सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।मुख्यमंत्री लोक भवन में उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने पहली बार उचित दर विक्रेताओं के मार्जिन मनी में 30 प्रतिशत की वृद्धि की है। पहले 70 रुपये प्रति क्विंटल मिलने वाला लाभांश बढ़ाकर 90 रुपये किया गया था। अब केंद्र सरकार ने इसमें 10 रुपये और प्रदेश सरकार ने 25 रुपये की वृद्धि की है। इस प्रकार कुल 35 रुपये की वृद्धि के बाद उचित दर विक्रेताओं को 125 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश मिलेगा। प्रदेश सरकार ने केंद्र से इसमें 25 रुपये और वृद्धि करने का अनुरोध भी किया है।उन्होंने बताया कि सामान्यतः एक उचित दर विक्रेता को लगभग 100 क्विंटल राशन का आवंटन होता है।



पहले 90 रुपये प्रति क्विंटल की दर से लगभग 12,750 रुपये प्रतिमाह आय होती थी। अब 125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 100 क्विंटल राशन वितरण पर लगभग 16,250 रुपये प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त दुकान पर अन्य सामान की बिक्री से होने वाला लाभ अलग होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उचित दर विक्रेताओं के प्रति लोगों में अविश्वास की स्थिति थी। व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी का खामियाजा उचित दर विक्रेताओं को भुगतना पड़ता था। वर्ष 2017 के बाद ई-पॉस मशीनों की व्यवस्था और एफसीआई के गोदाम से उचित दर की दुकानों तक सिंगल डोर-स्टेप डिलीवरी शुरू की गई। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आई।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उचित दर की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए इस वर्ष 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अन्नपूर्णा भवन में दुकान के साथ भंडारण की सुविधा भी होगी। उचित दर विक्रेता अब राशन के अलावा कपड़े, साबुन, टूथपेस्ट, तेल सहित 39 प्रकार के सामान बेच सकते हैं। उन्होंने स्थानीय उत्पादों और ह्यएक जनपद, एक उत्पादह्न के सामान को भी अन्नपूर्णा भवनों में रखने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में करीब 15 करोड़ लोग प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से निःशुल्क राशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। निराश्रित और दिव्यांगजन, जो उचित दर की दुकान तक नहीं पहुंच सकते, उनके राशन को घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश में दो करोड़ परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन तथा 1.53 करोड़ परिवारों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। करीब 10 हजार राशन की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि खाद्य एवं रसद विभाग में व्यापक सुधार किए गए हैं।

## न्यूज डायरी

### सरकारी आवास में नेवी जवान, पत्नी और 2 बच्चों के शव बरामद, इलाके में मचा हड़कंप, मौत की गुत्थी उलझी

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के कफ परेड इलाके के नेवी नगर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से सनसनी फैल गई। भारतीय नौसेना के 30 वर्षीय नाविक पुरनमल शंभूलाल मेहरा, उनकी 28 वर्षीय पत्नी ओमा और उनके दो बच्चे सरकारी आवास में मृत पाए गए। तीन साल के बेटे यश और दो महीने की बेटी के शव बेड पर मिले, जबकि




पुरनमल का शव कमरे में फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना 15 अगस्त की रात कफ परेड पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जे.जे. अस्पताल भेजा गया। शुरूआती जांच में आशंका जताई गई कि पुरनमल ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, जबकि उनकी पत्नी और दोनों बच्चों की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई हो सकती है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। फोरेंसिक टीम ने घर की तलाशी ली, लेकिन वहां कोई संदिग्ध जहरीला पदार्थ भी बरामद नहीं हुआ। जे.जे. अस्पताल में हुए पोस्टमार्टम में पुरनमल की मौत फांसी के कारण दम घुटने से होने की पुष्टि हुई है। वहीं, ओमा और दोनों बच्चों की मौत को लेकर मेडिकल टीम ने केमिकल और फोरेंसिक रिपोर्ट आने तक अपनी राय सुरक्षित रखी है।

### उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर के बाहर अफरा-तफरी, 13 लोग घायल, कई की तबीयत बिगड़ी

**उज्जैन (आरएनएस)।** सावन के तीसरे सोमवार और वर्ष में केवल एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए उज्जैन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भारी भीड़ के बीच हरसिद्धि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र में अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया, जिससे कई श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार 13 लोग घायल बताए जा रहे है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ और उमस के बीच कुछ महिला-पुरुषों और युवतियों को घबराहट होने लगी और वे बेहोश होकर गिर पड़े। स्थिति बिगड़ने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल प्रभावित श्रद्धालुओं को संभाला और उपचार के लिए उज्जैन जिला अस्पताल पहुंचाया।

**अस्पताल में चल रहा उपचार**

तबीयत बिगड़ने वाले श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। अस्पताल प्रशासन उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**मंदिर क्षेत्र में भारी भीड़**

सावन के तीसरे सोमवार को भगवान महाकाल के दर्शन के साथ नागचंद्रेश्वर मंदिर के विशेष दर्शन के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। नागचंद्रेश्वर मंदिर वर्ष में केवल एक बार नागपंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। इसके चलते महाकाल मंदिर परिसर, हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र और आसपास के मार्गों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी हुई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हालांकि, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से कई स्थानों पर भीड़ का दबाव देखने को मिला।

### अब फास्टैग के डेटा पर होगी ईडी की नजर, टोल के साथ सरकार का नया प्लान

**नई दिल्ली ।** देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब टोल प्लाजा केवल शुल्क वसूली के केंद्र नहीं रहेंगे। फास्टैग और ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरों से मिलने वाले डेटा का इस्तेमाल वाहन चोरी रोकने, संगठित अपराध पर शिकंजा कसने और आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध वाहनों की निगरानी के लिए किया जाएगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में नए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

# गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान,जमीन पर पड़े मिले तिरंगे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। स्वतंत्रता दिवस से पहले आरडब्ल्यूए के सचिव की ओर से पूरे गुलमोहर एनक्लेव और सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय ध्वज लगाए गए थे। लेकिन 17 अगस्त तक कई स्थानों पर तिरंगे हटाए नहीं गए और कुछ तिरंगे जमीन पर गिरे तथा अव्यवस्थित हालत में दिखाई दिए।
सोसायटी में लगे तिरंगों की उचित देखरेख और स्वतंत्रता दिवस के बाद उन्हें सम्मानपूर्वक हटाने की व्यवस्था नहीं किए जाने से निवासियों में नाराजगी है। सामने आई तस्वीरों में एक राष्ट्रीय ध्वज जमीन पर पड़ा दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरे स्थान पर तिरंगा पौधे की जाली में उलझा हुआ नजर आ रहा है।
इस मामले को लेकर गुलमोहर एनक्लेव निवासी गौरव बंसल ने जिलाधिकारी और कमिश्नर को पत्र भेजकर आरडब्ल्यूए सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गौरव बंसल ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के सम्मान और गौरव का प्रतीक है। उसके साथ इस प्रकार की लापरवाही गंभीर विषय है और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।




सोसायटी निवासी दिनेश सिंह ने भी इस मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह बहुत गलत है। उन्होंने बताया कि सोसायटी के व्हाट्सऐप ग्रुप पर बार-बार संदेश डालकर तिरंगों को सम्मानपूर्वक हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन इसके बावजूद समय रहते उन्हें नहीं हटवाया गया।
निवासियों का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाना देशभक्ति और सम्मान की भावना को दशार्ता है, लेकिन पर्व समाप्त होने के बाद तिरंगों को निर्धारित सम्मानजनक तरीके से हटाना भी उतना ही जरूरी है। जमीन पर तिरंगे पड़े मिलना राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति गंभीर लापरवाही को दशार्ता है।
गौरव बंसल ने जिलाधिकारी और कमिश्नर से मामले का संज्ञान लेकर आरडब्ल्यूए सचिव की जिम्मेदारी तय करने तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# मोहित त्यागी तलहैटा बने भाकियू अराजनैतिक के जिला महासचिव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** तहसील क्षेत्र के गांव तलहैटा निवासी मोहित त्यागी को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जनपद गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी द्वारा जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। संगठन के मुताबिक उनके मनोनयन से संगठन की जिला स्तरीय गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।
उल्लेखनीय है किमोहित त्यागी किसान हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं। उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति भूमिका को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जिला महासचिव बनाए जाने के बाद मोहित त्यागी ने कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। किसानों और मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना तथा उनके अधिकारों और हितों की आवाज संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं के साथ समन्वय बनाकर गांव-गांव संपर्क किया जाएगा।

# युवान कराटे स्कूल के 25 खिलाड़ियों ने की बेल्ट परीक्षा पास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** युवान कराटे स्कूल के अध्यक्ष एवं मुख्य कोच कृष्णा रावत ने बताया कि 16 अगस्त 2026 को युवान कराटे स्कूल के 25 खिलाड़ियों ने बेल्ट परीक्षा पास की यह बेल्ट जूनियर और सीनियर लेवल के लिए हुआ था युवान कराटे स्कूल की महासचिव एवं कोच राधा चौधरी ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए खिलाड़ियों ने घंटे मेहनत करी है ' जिसमें येलो बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी हर्षिता चौहान, अद्विका यादव, स्वस्तिक यादव, लक्षित, मिशिका अग्रवाल,अनायशा अग्रवाल, पार्थ जोशी, अहान आरुष, राम राय शर्मा अव्यान अग्रवाल, युवांश कुमार सरोलिया, हैं ' और वहीं दूसरी तरफ युगल सामान्य ने ऑरेंज बेल्ट एवं वैभव पाल ने की और मिश्का सचदेवा, राइजल सिंह, श्रेष्ठ प्रताप सिंह, सृष्टि शिवांगी साहू ने ग्रीन बेल्ट हासिल की वहीं दूसरी तरफ श्लोक सिंह, संस्कृति जोशी ने ब्लू बेल्ट फर्स्ट एवं नील सिद्धांत ने ब्लू बेल्ट सेकंड परीक्षा पास की ।




# प्रो बोनो क्लब, शारदा स्कूल ऑफ लॉ द्वारा 'गुड टच, बैड टच एवं पॉक्सो जागरूकता कार्यशाला' का सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** शारदा यूनिवर्सिटी के शारदा स्कूल ऑफ लॉ के प्रो बोनो क्लब द्वारा रेनबो वर्ल्ड स्कूल, ग्रेटर नोएडा में "गुड टच, बैड टच एवं पॉक्सो (POCSO) जागरूकता कार्यशाला" का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना, उन्हें बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी अधिकारों की जानकारी देना तथा असुरक्षित परिस्थितियों में उचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान विधि के विद्यार्थियों ने "गुड टच और बैड टच" विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक (स्किट) प्रस्तुत किया। सरल, रोचक और संवादात्मक शैली में प्रस्तुत इस नाटक के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान, सतर्क रहने के उपाय तथा आवश्यकता पड़ने पर विश्वसनीय वयस्क से सहायता लेने के महत्व को समझाया गया। इसके पश्चात आयोजित संवादात्मक सत्र में बच्चों को असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान करने, आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने तथा बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO Act, 2012)* के अंतर्गत उपलब्ध कानूनी संरक्षण एवं उनके अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने बच्चों के प्रश्नों का सहज एवं संवेदनशील तरीके से उत्तर देकर उन्हें जागरूक और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शारदा स्कूल ऑफ लॉ के डीन प्रो. (डॉ.) ऋषिकेश दवे ने कहाः "बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार या विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। विधिक जागरूकता के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सचेत करना समय की आवश्यकता है। शारदा स्कूल ऑफ लॉ का प्रो बोनो क्लब ऐसे जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी सामाजिक एवं विधिक जिम्मेदारियों का निरंतर निर्वहन करता रहेगा।"



# किसान बचाओ पदयात्रा शुरू होते ही किसानों की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमलाः रविन्द्र त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** किसान नेता श्री जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की अध्यक्षता में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनैतिक) द्वारा 16 अगस्त 2026 से प्रस्तावित किसान बचाओ पदयात्रा शुरू होते ही हरियाणा पुलिस द्वारा किसान भाइयों को गिरफ्तार किए जाने की खबर पर भारतीय किसान सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया) ने किसानों की गिरफ्तारी को हरियाणा सरकार और पुलिस प्रशासन की तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई करार देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए पदयात्रा निकालना किसानों का लोकतांत्रिक अधिकार है। किसानों की आवाज को दबाने के लिए गिरफ्तारी का सहारा लेना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है।

**त्यागी ने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान बातचीत और लोकतांत्रिक संवाद के माध्यम से करना चाहिए, न कि गिरफ्तारी और प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए**

किसान बचाओ पदयात्रा कनौरी, हरियाणा बॉर्डर से शुरू होकर 29 अगस्त 2026 को दिल्ली के जंतर-मंतर तक पहुंचनी थी। भारतीय किसान सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया) ने केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार एवं पुलिस प्रशासन से अपील की है कि गिरफ्तार किए गए सभी किसान भाइयों को तत्काल रिहा किया जाए और किसानों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी पदयात्रा एवं आंदोलन जारी रखने की अनुमति दी जाए।
उन्होंने कहा कि किसानों की प्रमुख मांगों में केंद्र सरकार को किसानों से किए गए वादों की याद दिलाना, किसान विरोधी माने जा रहे भारत-अमेरिका ट्रेड डील को रद्द करवाना, देशभर के किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करना, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करना तथा C2+50% फामूर्ला लागू करना शामिल है।
श्री त्यागी ने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान बातचीत और लोकतांत्रिक संवाद के माध्यम से करना चाहिए, न कि गिरफ्तारी और प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए। किसानों की जायज मांगों को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है।

# 80 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह खत्री सभा गाजियाबाद पंजी एवं इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एसोसिएशन (इटवा), अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन के सयुंक तत्वाधान मे पांडवनगर स्थित सुख सागर फार्म हाउस पर उल्लास व उमंग ढ़ोल की थाप के साथ मनाया गया। इस राष्ट्रीय पर्व का शुभारंभ वरिष्ठ सनातनी समाज सेवी महेश आहूजा के अध्यक्षतामें उपस्थित सभी लोगों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज का झंडारोहण व मां भारतीय के चित्र पर पुष्प वर्षा एवं राष्ट्र गान के साथ प्रारंभ हुआ महेश आहूजा ने कहा सनातन की रक्षा करना है हमारा परम धर्म है जातियों में हमें नहीं बटना चाहिए सभा गाजियाबाद के जिलाअध्यक्ष खत्री अनिल अरोड़ा ने सभी लोगों का स्वागत अभिनंदन किया व लोगों को राष्ट्रीय पर्व की शुकामना बधाई दी और संबोधित करते हुए कहा की हमें सरकार से अपनी कोई भी मांग संविधान के नियमों के तहत करनी चाहिए कुछ आसामाजिक तत्व व विदेशी ताकत है हमारे देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं यह आजादी बहुत बलिदानों के बाद मिली हम सभी को एकता में रहकर देश की आजादी बरकरार रखनी है। सभा में उपस्थित महेश आहूजा एस पी त्यागी प्रिंस कंसल अजय टंडन,प्रदीप मेहरोत्रा शिव कुमार अरोड़ा तूलिका सेठ पसंजय अरोड़ा आलोक गोयल बलदेव सिंह,नरेश बत्रा,शक्ति सिंह जीत सिंह रावत शक्ति शर्मा राकेश सेठ,राजेंद्र खंडेलवाल पंकजखत्री आराध्या अरोड़ा हुनर अरोड़ा अग्रिम टंडन,अशोक अरोड़ा संदीप बतला शिवकुमार तिवारी पायल खत्री अनिल खत्री स्वतंत्र चौधरी व अन्य ने देश को आजाद करवाने वालों महान विभूतियों के संघर्ष त्याग व बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व श्रद्धांजलि अर्पित की तथा यह विचार व्यक्त करते हुए कहाँ कि राष्ट्र प्रेम की भावना से हम सब लोग अपने अपने कार्य क्षेत्रों के माध्यम से राष्ट्र व समाज सेवा की सेवा कर रहे है लेकिन इस राष्ट्र प्रेम की भावना तभी सार्थक व बलवती जब हम सब निरोगी व स्वस्थ रहेगे । इसके लिए सभा में उपस्थित रहे सभी लोगों ने स्वनिरोगी रहने का संकल्प लिया तथा सरकार से मांग की देश की जनता की बुनियादी जरूरत व मौलिक अधिकार शिक्षा स्वास्थ रोजगार पर विशेष ध्यान दें व इस पर जितना कार्य होना चाहिए अभी तक वह परिलक्षित नहीं हो रहा है 80 वर्ष एक लम्बी अवधि भारत की स्वतन्त्रता प्राप्ति को हो गया है इन मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ' प्रसिद्ध कवित्री डॉ तूलिका सेठ ने देश भक्ति के गीतों के द्वारा अपनी भावना व्यक्त की ।




# एसआरएमआईएसटी में देशभक्ति के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली-एनसीआर परिसर में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मेजर ध्यानचंद ग्राउंड में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर आलोक जैन ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। परिसर के निदेशक डॉ एस विश्वनाथन ने इंडिया 2047 : द रिपब्लिक वी चूज टू बिल्ड विषय पर संबोधित करते हुए विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। अमेरिका के दक्षिणी इलिनॉय विश्वविद्यालय के प्रो मारियो हायेक ने शिक्षा, नेतृत्व और वैश्विक सहयोग के महत्व को बताया।
एनसीसी कैडेट्स को रैंक व बैज प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# आगाज-2026 से नए विद्यार्थियों का किया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित आगाज-2026 अभिमुखीकरण कार्यक्रम में उन्हें विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को शैक्षणिक माहौल, अनुशासन और उपलब्ध अवसरों की जानकारी देकर उनके नए सफर की शुरूआत को सहज बनाना रहा।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयुध निमार्णी, मुरादनगर के कार्यकारी निदेशक कमलेश कुमार (आईएएस) ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल उपाधि हासिल करना नहीं है बल्कि ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज तथा देश के विकास में करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन और जिम्मेदारी को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कुलाधिपति प्रो डॉ डीके मोदी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो डॉ पीएन ऋषिकेशा ने उन्हें विश्वविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक और व्यावसायिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षण व्यवस्था, नियम-विनियम, विद्यार्थी सहायता सेवाओं, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी गई। उन्हें शोध, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, नवाचार और उद्यमिता में भागीदारी के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान राजीव सक्सेना, डॉ संजय गुप्ता, यूएन मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।



# एसजीयू में दीक्षा आरंभ 2026-27 के साथ नए विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी (SGU) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दीक्षारंभ का आयोजन किया गया। स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज के नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन्हें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल, पाठ्यक्रम, नियमों और कैंपस की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराना रहा।दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रमुख पदाधिकारियों ने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कुलाधिपति एवं चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (एकेडमिक्स) विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।अपने संबोधनों में विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों का एसजीयू परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें नए शैक्षणिक सफर के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम और अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया तथा अपने ज्ञान, कौशल और व्यक्तित्व के विकास पर ध्यान देने का संदेश दिया।



**आयोजन** — रिवर हाइट्स, गाजियाबाद में हरियाली तीज के पावन अवसर पर एक भव्य तीज महोत्सव का आयोजन किया गया

# रिवर हाइट्स सोसाइटी में हरियाली तीज का भव्य उत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रिवर हाइट्स सोसाइटी में हरियाली तीज का भव्य उत्सव महिलाओं ने बताया कि अध्यक्ष सुबोध त्यागी के आते ही चुनाव जीतने के बाद फिर से सोसाइटी रिवर हाइट दुल्हन की तरह सजी महिलाएं हुई आकर्षित महिलाओं ने सारा क्रेडिट अध्यक्ष सुबोध त्यागी को दिया कहा कि रौनक वापस लौटी कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। उसके उपरांत सोसाइटी की बहनों द्वारा एकल गीत, सामूहिक गीत, एकल नृत्य और रैंप वॉक की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।इस अवसर पर सभी माताओं-बहनों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया और तीज महोत्सव को पूरे आनंद और उल्लास के साथ मनाया।महोत्सव में मेले का भी सुंदर आयोजन किया गया था। मेले का विशेष आकर्षण गोरिल्ला का नृत्य रहा, जिसने मंच पर बच्चों के साथ खूब समां बांधा। सभी बच्चों और माता-बहनों ने गोरिल्ला के साथ जमकर नृत्य किया और खूब आनंद लिया।




कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों और माता-बहनों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन से पूरा रिवर हाइट्स परिवार आनंद, उल्लास और हमारी परंपराओं से परिपूर्ण हो गया।सभी माता-बहनों ने इस सफल, सुंदर और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सुबोध त्यागी और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। वहीं सुबोध त्यागी जी द्वारा सभी बहनों, बच्चों और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करने वाली महिला टीम का हृदय से धन्यवाद किया गया।

# किडजी में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया तीज उत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** किडजी मोदीनगर में महिलाओं के लिए तीज उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने मेहंदी लगवाई, गीत-संगीत और नृत्य का आनंद लिया तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया।
कार्यक्रम में लगाए गए व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर तीज की खुशियां साझा कीं। रंग-बिरंगे परिधानों में पहुंचीं महिलाओं ने पूरे कार्यक्रम को उत्साह से भर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान भी महिलाओं ने जमकर तालियां बजाईं और आयोजन का आनंद लिया। आयोजकों की ओर से महिलाओं के लिए कई तरह की गतिविधियां रखी गई थीं, जिससे कार्यक्रम में पूरे समय उत्सव जैसा माहौल बना रहा। महिलाओं ने आयोजन को मनोरंजन के साथ अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़ने का अच्छा अवसर बताया। किडजी मोदीनगर के मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल बंसल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक साथ आने, अपनी संस्कृति से जुड़ने और आपसी मेल-जोल बढ़ाने का अवसर देना था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया। महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के चलते तीज उत्सव यादगार बन गया।



## दुकान के बाहर सड़क पर कोई भी सामान न लगाए व्यापारी: शैलेंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृव में बाजार नसरुल्ला खां, कोतवाली, बर्तन बाजार, सिटी पोस्ट ऑफिस, मिस्टन गंज, सराफा बाजार में घूमकर व्यापारियों से अपील करी की दुकान के बाहर सड़क पर कोई भी सामान न लगाए। छज्जे व चबूतरे आदि पर कोई भी सामान न टांगे न ही निकाले।कोई भी स्थाई या अस्थाई अतिक्रमण है,तो उसे तुरंत हटा लें व्यापार मंडल किसी भी अतिक्रमण का साथ नहीं देता हे न देगा।दुकान के आगे नाला या नाली पर पक्का चबूतरा हटाकर उसकी जगह लोहे का फोल्डिंग जाल लगा सकते हैं। जिससे ग्राहक और दुकान के अंदर जा सके। सड़क पर सामान लगाने से रोड पर जाम लगता हे ओर ग्राहक भी


व्यापारियों से वार्तालाप करते जिलाध्यक्ष

नहीं आता है। आने जाने वाले को तकलीफ होती है।व्यापारियों से अपील हे रोड पर अतिक्रमण न करे अपनी दुकान के आगे नाले नालियों के अंदर ही रहे उसके आगे सामान न लगाए। कुछ दिन बाद अतिक्रमण अभियान शुरू होने वाला है। इस मौके पर शाहिद शम्सी, हारिस शम्सी, शोएब मोहम्मद खान, बिलाल शम्सी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, प्रदीप खंडेलवाल, इमरान, सलीम, शाकेब अहमद, फैसल हबीब, मुराद खान, मोहसिन खान, मुकेश आर्य, उजैर अहमद, राम गुप्ता,वाजिद अली, पुष्कर अग्रवाल नजमी खान आदि मौजूद थे।

# परिवार के साथ भमरौआ शिव मंदिर पहुंचे शहर विधायक,किया जलाभिषेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सावन माह के तीसरे सोमवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने परिवार के साथ भमरौआ स्थित प्राचीन

### शहर विधायक बोले भगवान शिव की आराधना से फैलती है सकारात्मक ऊर्जा

शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन किया और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव से सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है।

इस पवित्र माह में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव अपने भक्तों पर सदैव कृपा बरसाते हैं और सच्चे मन से की गई प्रार्थना से सभी की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि महादेव की भक्ति हमें सेवा, त्याग, संयम और सद्भाव का संदेश देती है।उन्होंने कहा कि सावन के दौरान देशभर से श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना करने के लिए मंदिरों में पहुंचते हैं। रामपुर में भी विभिन्न शिव


रामपुर। भमरौआ मंदिर में परिवार के साथ जल चढ़ाते विधायक।

मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर जलाभिषेक कर रहे हैं। उन्होंने सभी शिवभक्तों से पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने तथा मंदिरों में व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं, भमरौआ शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और दूध अर्पित किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से परिवार और समाज की सुख-शांति के साथ देश की समृद्धि की भी प्रार्थना की।

## चलती ट्रेन से युवक गिरा मौके पर मौत, शिनाख्त नहीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में रात के समय रेलवे ट्रैक पर एक चलती ट्रेन से युवक गिर गया। युवक के गिरते ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके चलते युवक गिरने की सूचना शहजाद नगर रेलवे स्टेशन पर तैनात प्वाइंटस मैन मनोज कुमार ने थाना पुलिस को दे दी। कि रेलवे ट्रैक पर ट्रेन में सफर कर रहे युवक के गिरने से उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। और उसके पास मौजूद दस्तावेज



खंगालने चाहे लेकिन उसकी शिनाख्त का कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की लिए जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवा दिया। साथ ही मृतकों युवक का हुलिया बताते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किये ताकि युवक की पहचान हो सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है

## सार समाचार

### सबसे पहले शिक्षकों वाली खबर भेजी गई थी, उसमें वर्जन लगा दिया जाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार द्वारा भी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी सत्रों में शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चर्चा, समूह कार्य, प्रदर्शन एवं अनुभव साझा करने जैसी प्रक्रियाओं का प्रयोग किया जाना चाहिए जिससे कि प्रशिक्षण का लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त किया जा सके।


अशोक कुमार

### मापअप राउंड में आज खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल गोली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** 18 अगस्त यानि आज एक से 19 वर्ष तक बच्चों को एल्बेनडाजोल गोली मापअप राउंड में खिलाई जाएगी। इस अभियान में 11 लाख 65 हजार 783 बच्चों को चिन्हित किया गया है। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को गोली नहीं खिलाई जाएगी। 6 से 19 वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्कूलों में शिक्षकों द्वारा गोलियां खिलाई जाएगी। 400 एमजी की गोली 1 से 2 वर्ष तक आधी गोली, 2 से 3 वर्ष तक पूरी गोली दो चमच्चों के बीच पीसकर पानी में घोलकर खिलाई जाएगी। 3 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को पूरी गोली चबाकर पानी के साथ खिलाई जानी है। नोडल अधिकारी डॉ.अजीज हसन अंसारी ने बताया कि जनपद में 14 अगस्त से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का आगाज हो चुका है। बच्चों के पेट में कीड़े होने के चलते खून की कमी हो जाती है। बच्चों को इस बीमारी से बचाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के अंतर्गत एल्बेनडाजोल गोलियां खिलाई जाएंगी।




# भारतीय किसान यूनियन ने शुरू किया संवाद मिशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** ऑपरेशन एक जुटता के बाद भारतीय किसान यूनियन ने किसान संवाद मिशन की शुरूआत की है । इसके तहत जौलपुर गांव में किसानों की समस्याएं जानी। यह मिशन एक महीने तक जारी रहेगा। नया संगठन बनने के बाद भाकियू(टिकैत) ने ऑपरेशन एकजुटता का शुभारंभ किया था जो पूरा हो गया। भाकियू ने अब किसान संवाद मिशन की शुरू किया है।

इसके तहत प्रदेश महासचिव हसीब अहमद और जिलाध्यक्ष दरबारी लाल शर्मा ने सोमवार को जौलपुर के देव स्थान पर किसानों की समस्याएं जानी। सबसे ज्यादा बिजली की समस्याएं दर्ज की गई। इसी तरह किसानों ने प्रधानमंत्री बीमा योजना का लाभ न मिलने और नारायणपुर से जौलपुर मार्ग का चौड़ीकरण करने का मुद्दा उठाया। प्रदेश महासचिव ने भरोसा दिलाया कि अधिकारियों से


संवाद को संबोधित करते किसान नेता

मिलकर के किसानों की सारी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। प्रदेश महा सचिन ने बताया कि मिशन एक महीने तक जारी रहेगा। इसके तहत पदाधिकारी गांव गांव जाकर किसानों की समस्याएं दर्ज करेंगे।

जिला,तहसील और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को गांववार अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है । पंचायत में अमृत पाल भिंडर, राम बहादुर यादव, मोहम्मद तालिब, अरविंद शर्मा, सुरेश कुमार, राजपाल सिंह, संजीव चौधरी, रविंद्र जाट, वीर पाल सिंह, भूपेंद्र चौधरी, कुलवंत सिंह, सूरजपाल गुजर, प्रेम सिंह लोधी, राजवीर,रोहित चौधरी, सोमपाल, सूरज सागर, महेश सागर, गोपाल सिंह, ताहिर, रामदास लोधी, मंगल सैन,मदन पाल, दीप चद्र, अनिल ठाकुर, दीपक यादव, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मो.अनस ने रामपुरी ने नात ए रसूल, पेश किया नजराना

# मस्जिद मजार टाट शाह मियां में चौदह दिवसीय खुतबात-ए-सीरत का दूसरा कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मजलिस-ए-तहफ्फुज-ए-खत्म-ए-नुबूवत, मदरसा फैजुल उलूम थाना टीन के तत्वावधान में चल रहे चौदह दिवसीय खुतबात-ए-सीरत कार्यक्रम के तहत दूसरा कार्यक्रम मस्जिद मजार टाट शाह मियां में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरत मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी ने की। शुभारंभ मदरसा फैज उल उलूम के शोबा-ए-तजवीद व किराअत के उस्ताद कारी मोहम्मद फहीम की तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। इसके बाद मोहम्मद अनस रामपुरी ने नात-ए-रसूल, मौलाना अनजर कासमी ने नजराना-ए-अकीदत पेश किया। इस अवसर पर मुफ्ती मोहम्मद साजिद कनौजी ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद की कुर्बानियों और उनके उच्च नैतिक चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस समाज में शराबखोरी, व्यभिचार, चोरी, डकैती,


मस्जिद टाट शाह मियां में आयोजित कार्यक्रम में बोलते मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी।

हत्या, लूटमार और बेटियों कोको जिंदा दफन करने जैसी बुराइयां आम थीं। वहां पैगंबर-ए-इस्लाम ने अपनी शिक्षा, दावत और उत्तम आचरण के माध्यम से ऐसा महान परिवर्तन पैदा किया कि अत्याचार और अज्ञानता में डूबे लोग न्याय, एकेश्वरवाद, उच्च नैतिक मूल्यों और मानवता के समर्थक बन गए। मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी ने कहा कि चौदह दिवसीय खुतबात-ए-सीरत कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों के सामने सीरत-ए-नबवी के विभिन्न पहलुओं को उजागर करना, समाज में जागरूकता पैदा करना और दिलों में पैगंबर की मोहब्बत को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कई वर्षों से लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। अभी जिस स्तर की जागरूकता और भागीदारी होनी चाहिए, वह नहीं हो पाई है। उम्मीद है कि आने वाले कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी और अधिक बढ़ेगी।

# कार्य में लापरवाही पर पांच बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा।** विधानसभा चमरौआ के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर पांच बीएलओ के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और मतदेय स्थलों के सीमांकन के कार्यों के लिए प्राथमिक विद्यालय करीमपुर गर्बी के सहायक अध्यापक रजनेश,संविलियन विद्यालय सींगनखेड़ा के सहायक अध्यापक विकास गुप्ता,उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा शुमाली के सहायक अध्यापक आदित्य वर्मा,प्राथमिक विद्यालय अलीनगर शुमाली की सहायक अध्यापिका रुचि और संविलियन विद्यालय ढक्का हाजीनगर के सहायक अध्यापक अक्षय कुमार को बीएलओ नियुक्त किया गया था। लेकिन इनके द्वारा निरंतर निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे संबंधित बूथों पर निर्वाचक नामावली का अद्यतनीकरण और अन्य कार्य बाधित हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना भी की जा रही है। जिसके कारण इन बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को अवगत कराएं।पत्र की प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और उपजिलाधिकारी टांडा को भी सूचनार्थ भेजी गई है।

**वर्जन**

सम्बंधित शिक्षकों द्वारा बीएलओ नियुक्त होने के पश्चात ड्यूटी जॉइन नहीं की गई है।इसी कारण इनके विरुद्ध पहले वेतन रोकने और इसके बाद निलंबन की संस्तुति की जा चुकी है। अब एसडीएम द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिये गए हैं।जिसका अनुपालन कराया जा रहा है। पी एल निरंकारी,खण्ड शिक्षा अधिकारी सैदनगर।

# लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण तय किया जाए: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं एवं

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 24 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 2 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को हस्तान्तरण करते हुए संबंधित विभागों को तय समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचाया जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा औपचारिकता न बरती जाए। प्रत्येक प्रकरण का मौके पर सत्यापन करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया



लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी

जाए।तहसील शाहबाद में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 2 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 8 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 8 शिकायतें प्राप्त हुए। जिसमें से 1 शिकायत का मौके पर ही समाधान किया गया। तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 11 शिकायतें प्राप्त हुईं। 2 शिकायतों का निस्तारण किया।तहसील टाण्डा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 18 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया।

**आयोजन** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा

# तीज उत्सव पर अखिल विश्व गायत्री परिवार महिला मंडल द्वारा दिव्य दीप यज्ञ का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार महिला मंडल की बहनों द्वारा तीज उत्सव के पावन अवसर पर मां गायत्री एवं गुरुदेव के सूक्ष्म संरक्षण में शारदा नरूला के निवास स्थान पर दीप यज्ञ एवं तीज उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिला मंडल की बहनों ने पूरे उत्साह, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सहभागिता की।

भारतीय संस्कृति में सावन मास का विशेष महत्व है। यह महीना प्रेम, भक्ति, प्रकृति और नव ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। चारों ओर हरियाली, झूले, पक्षियों का कलरव और प्रकृति का मनमोहक सौंदर्य वातावरण को आध्यात्मिक एवं आनंदमय बना देता है। इसी मनभावन सावन की पावन बेला में महिला मंडल की बहनों ने गीत, भजन, मल्हार एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियों के माध्यम से तीज उत्सव को जीवंत बना दिया।कार्यक्रम के दौरान सभी देव शक्तियों का आवाह्न करते हुए विधिवत दीप यज्ञ संपन्न कराया।दीप यज्ञ के माध्यम से समाज में सद्भाव, संस्कार, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया गया। साथ ही गुरुदेव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा गायत्री मंत्र को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।महिला मंडल की बहनों ने बताया कि वर्ष 2026 को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।इस अवसर पर गायत्री परिवार के विचारों, संस्कारों एवं गुरुदेव के संदेश को अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।तीज उत्सव के अवसर पर विभिन्न मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक पुरस्कार भी प्रदान किए।समयबद्धता पुरस्कार बिंदु रस्तोगी को तथा सावन



की रानी,पुरस्कार कंचन गुप्ता को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्यों को भी सम्मानित किया।जिनमें आशा गुप्ता, शारदा नरूला, आशा अरोड़ा, आर्य बल वात्सल्य , शोभा राजदा,एवं विमल गुप्ता प्रमुख रहीं।

कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक आरती-वंदन किया। सभी बहनों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उमंग, भक्ति और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।इस अवसर पर बिंदु रस्तोगी, उषा चावला, कंचन गुप्ता, रानी गुप्ता, सरिता सिंगल, संतोष गुप्ता, मीना गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, आशा गुप्ता, मधु शर्मा, पूनम सिंह, पुष्पा गुप्ता, निर्मला राय, सीमा अरोड़ा, ममता कपूर, चित्र कपूर सहित महिला मंडल की अनेक बहनें उपस्थित रहीं।कार्यक्रम ने सभी के मन में भक्ति, संस्कार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की भावना को और अधिक मजबूत किया।

# जश्न-ए ईद मिलादुन्नबी जुलूस-ए मोहम्मदी की तैयारियों के सिलसिले में अहम ऐलान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** माह-ए रबीउल अव्वल शरीफ की आमद अहल-ए ईमान के लिए खुशियों, बरकतों, रहमतों और तज्दीदे मोहब्बत-ए रसूल का पैगाम लेकर आती है। यही वह मुबारक महीना है जिसमें अल्लाह तआला ने अपने महबूब-ए मुकर्रम,

### मोहब्बत-ए रसूल के अमली इजहार के तौर पर जुलूस-ए मोहम्मदी में भरपूर शिरकत को यकीनी बनाएं

रहमतुल्लिल आलमीन हजरत मोहम्मद मुस्तफा को दुनिया में जल्वागर फरमा कर इंसानियत पर एहसान-ए अजीम फरमाया। हर साल की तरह इस साल भी आशिकान-ए रसूल पूरे जोशो-खरोश, अदब व एहतराम और दीनी शहर के साथ जश्न-ए ईद मीलादुन्नबी मनाने की तैयारी करें। मोहब्बत-ए रसूल के अमली इजहार के तौर पर जुलूस-ए मोहम्मदी में भरपूर शिरकत को यकीनी बनाएं। काजी-ए शरआ व मुफ्ती सैयद फैजान रजा हसनी नूरी ने कहा



कि ईद उल मिलादुन्नबी 26 को निहायत अकीदत व एहतराम के साथ मनाई जाएगी। तमाम मुसलमान-ए अहल-ए सुन्नत व जमाअत, इमाम-ए मसाजिद, उलेमा-ए किराम, मशाइख-ए इजाम, मुदर्रिसीन, तलबा, अंजुमनों के जिम्मेदारान और तमाम आशिकान-ए रसूल से अपील की हैं कि वह अपने घरों, मस्जिदों, मदरसों, खानकाहों और मोहल्लों में महफिल-ए मीलाद, सीरतुन्नबी कॉन्फ्रेंसों, दुरूद व सलाम की मजालिस और इस्लाही इज्तिमाआत का इनइकाद करें।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com

भगवान भोलेनाथ का वैदिक पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# मीनाक्षी राठौर के सिर सजा तीज क्वीन का खिताब

बुलन्द संदेश ब्यूरो




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं



**रामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से ज्ञान सरोवर, साईं विहार, ज्वाला नगर में तीज महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर तथा माता गौरा एवं भगवान भोलेनाथ का वैदिक पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
कार्यक्रम में फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं महिलाओं ने खूब सराहना की।तीज महोत्सव के दौरान महिलाओं के लिए झूला, मेहंदी, लोकगीत, प्रश्न-उत्तर, रैंप वॉक तथा भजन-कीर्तन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये।जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में वृद्ध महिलाओं के सम्मान में मु-?नी देवी, अतर्कली देवी एवं माया देवी को माता जीजा बाई पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की एंकरिंग उर्वशी एवं शिवानी ने की। महिलाओं के उत्साह और मनोरंजन के लिए लेमन रेस, पर्ची खोलो और सिंगिंग, डांसिंग जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।इस अवसर पर सास-बहू के रिश्ते पर आधारित एक सुंदर नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर उपस्थित सभी लोगों ने कलाकारों की खूब सराहना की। नाटक के माध्यम से प्रेम, सम्मान और पारिवारिक सौहार्द का संदेश दिया गया। समाज की एकता और सामाजिक सूत्र को मजबूत करने तथा उसे बढ़ावा देने वाली महिलाओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि तीज पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, नारी शक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता को बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम में मीनाक्षी राठौर को तीज क्वीन चुना गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, जनपद रामपुर के पदाधिकारियों द्वारा समय से पहुंचे अतिथियों, महिलाओं, सहयोगियों तथा बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

**यह लोग रहे मौजूद**

ठाकुर राजेंद्र सिंह,युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर अतुल कुमार सिंह, ओमवीर सिंह,महिला जिलाध्यक्ष स्नेह लता राठौर, ललिता पुंडीर, लवली तोमर, अरुणा सिंह, पूजा सिंह, वंदना सिंह, आशु सिंह, मीनाक्षी राठौर, अनीता सिंह तथा बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने किया जलाभिषेक

बुलन्द संदेश

- सावन के तीसरे सोमवार को सुबह से लगी लंबी कतारें
- छावनी में तब्दील रहे जिले भर के मंदिर, पुलिस फोर्स रही तैनात

**रामपुर।** सावन के तीसरे सोमवार को मंदिरों में शिव भक्तों ने पूजा-अर्चना की। बाबा भोले को जलाभिषेक किया। रविवार रात से ही मंदिरों में कांवड़ियों का प्राचीन मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया था। तड़के कांवड़ियों ने गंगाजल बाबा को चढ़ाया। तीसरा सोमवार होने के कारण मंदिरों में काफी भीड़ रही। कांवड़ियों की संख्या भी खूब रही। भक्तों ने दूध, बेल-पत्र व जलाभिषेक करते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं ने भगवान शिव की अराधना की और मन्नतें मांगी।
सोमवार तड़के ही रठौंडा स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर, पंजाबनगर शिव मंदिर, भमैराआ शिवमंदिर, शहर स्थित कृष्णा मंदिर, शिव मंदिर, हरी-हर मंदिर, श्री हरी मंदिर, मनोकामना लक्ष्मी मंदिर, मिस्टनगंज स्थित मंदिर में तड़के से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। कांवड़ियों ने प्राचीन मंदिरों में भोले बाबा का गंगाजल चढ़ाया। इस दौरान भोले बाबा के जयकारों से मंदिर गूंजे उठे। रविवार रात से ही शिवभक्तों का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया। दस बजे तक शिवालयों में लोगों की कतारें लगना शुरू हो गई थीं, बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ पर जल और दूध अर्पित किया, बेलपत्र-धतूरा आदि चढ़ाकर पूजा की। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहा। दोपहर तक मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही।



मंदिरों का निरीक्षण करते एएसपी

**भजनों पर नाचकर भक्त कांवड़ लाते रहे**

हाईवे पर सोमवार शाम तक भक्त कांवड़ लाते रहे। इस दौरान शंकर भगवान के भजन गूंजते रहे।
युवकों की ग्रुप जल लाकर मंदिरों में चढ़ाते रहें। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा।
हाईवे पर तैनात पुलिसकर्मी भी देर शाम तक एक्टिव रहे। डीजे बजते हुए आने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों को पुलिस रास्ता देती रही। वाहनों को भी जगह-जगह रोक दिया गया था।

# कांवड़ यात्रा सनातन संस्कृति और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है: हरीश गंगवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**रामपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सर्वकल्याण की कामना के साथ एक पैदल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने स्वयं पवित्र नगरी हरिद्वार से विधि-विधान के साथ कांवड़ उठाई। हरिद्वार से गंगाजल लेकर शुरू हुई यह धार्मिक यात्रा धनेली उत्तरी स्थित ऐतिहासिक व सुप्रसिद्ध नर्मदेश्वर मंदिर पर जाकर संपन्न होगी, जहाँ सभी शिवभक्त भगवान भोलेनाथ का पवित्र जलाभिषेक करेंगे।यात्रा की शुरूआत में हरिद्वार में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कांवड़ का पूजन-अर्चन कराया गया। इसके बाद "बम-बम भोले और "हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों के साथ कांवड़ यात्रियों का जत्था आगे बढ़ा। कांवड़ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में केसरिया रंग छा गया और माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया।जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया जा रहा है।संस्कृति और एकता का संदेश हरिद्वार से कांवड़ उठाकर पैदल चल रहे भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने इस अवसर पर कहा, "कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारी महान सनातन संस्कृति, अटूट आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भगवान आशुतोष की भक्ति हमें समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा के साथ रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश और प्रदेश की उन्नति तथा क्षेत्रवासियों के जीवन में खुशहाली लाना है।
युवाओं और कार्यकर्ताओ में भारी उत्साहइस पैदल कांवड़ यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ भारी संख्या में युवाओं और मातृशक्ति ने हिस्सा लिया। डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर थिरकते हुए शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। लंबी दूरी की इस कठिन पैदल यात्रा के बावजूद कांवड़ियों के चेहरे पर थकान की जगह भगवान शिव के प्रति अगाध श्रद्धा की चमक साफ दिखाई दे रही थी।

# तृतीय सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** श्रावण मास के तृतीय सोमवार को क्षेत्र के शिवालय हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। सुबह से ही कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की मंदिरों में भीड़ उमड़ने लगी। कांवड़ लेकर पहुंचे शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

**गंगाजल से हुआ भोलेनाथ का अभिषेक**



श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, पुष्प और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कांवड़ियों ने भी अपनी कांवड़ का जल भगवान शिव को अर्पित किया। मंदिर परिसर में गूंजते बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। पुलिसकर्मियों ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी रखते हुए श्रद्धालुओं की आवाजाही व्यवस्थित कराई। प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार मौके पर मौजूद रहे।तृतीय सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सुबह से देर तक शिवालयों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और पूरा क्षेत्र शिव भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलासपुर।** पवित्र सावन माह के तीसरे सोमवार को ऐतिहासिक मंदिरों समेत अन्य मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कर्मी तैनात रहे। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों पर श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें लग गई। सभी ने कतारों में लगकर अपनी बारी आने पर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में बम-बम भोले, हर-हर महादेव आदि के जयकारे गूंजते रहे।साथ ही कुछ मंदिरों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। गांव बिढ़वा नगला स्थित श्री मोटा महादेव शिव मन्दिर तथा चंदेन स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिरों श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही।इसी क्रम में नगर के मोहल्ला साहूकारा में श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, माता महाकाली मंदिर, रामपुर रोड स्थित शिव मंदिर, मोहल्ला लक्ष्मीनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मोहल्ला डाम कालोनी में मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर, शिव-शीतला माता मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। लोगों ने परिवार की सुख समृद्धि के लिए शंकर भगवान से कामना की। सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए उपजिलाधिकारी आनन्द कुमार कन्नौजिया , सीओ हर्षिता सिंह, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने भ्रमण कर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों का जायजा लेते रहे।




# चिकित्सक असीम विश्वास के निधन से शोक की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शाहबाद।** नगर के निजी चिकित्सक असीम विश्वास का दिल्ली में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिचितों, मरीजों और शुभचिंतकों ने शोक जताते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बताया कि असीम विश्वास का दिल्ली में उपचार चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है।उनके निधन से परिजनों में गहरा शोक है। असीम विश्वास लंबे समय से चिकित्सा सेवा से जुड़े थे और क्षेत्र में उनकी पहचान एक निजी चिकित्सक के रूप में थी। उनके निधन पर चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों सहित क्षेत्रवासियों ने गहरा दुख व्यक्त किया।

# जिलाध्यक्ष डॉ.दशरथ सिंह का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** पीएमएस संघ के जिला अध्यक्ष पद पर डॉ. दशरथ सिंह के निर्वाचित होने पर एससी-एसटी,बीटीडब्लूए द्वारा डॉक्टर कॉलोनी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें डॉ. दशरथ सिंह को संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शाल उड़ाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम बहादुर गौतम, जिला संरक्षक वीर सिंह,जिला कोषाध्यक्ष रमेश पाल सिंह,जिला सदस्य अशोक बाबू, सुरेश कुमार,जबर सिंह, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में सम्मानित शिक्षक साथी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समाज और शिक्षा जगत से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई।वक्ताओं ने कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षक हितों और समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा।अंत में सभी उपस्थित जनों ने डॉ.दशरथ सिंह को उनके नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



जिलाध्यक्ष को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी

# चमरौआ में पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** विकासखंड चमरौआ में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का समापन हुआ। प्रशिक्षण में लगभग 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग करते हुए भाषा एवं गणित विषयों को अधिक प्रभावी और रुचिकर तरीके से पढ़ाने से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों एवं शिक्षण विधियों का अभ्यास किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निर्धारित शिक्षण प्रक्रियाओं एवं संसाधनों से परिचित कराना तथा कक्षा में बच्चों की सीखने की गति और समझ को बेहतर बनाने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों पर कार्य करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया कि बच्चों की वर्तमान सीखने की स्थिति के आधार पर शिक्षण को किस प्रकार आगे बढ़ाया जा सकता है।
भाषा विषय के सत्रों में बच्चों के साथ बातचीत के माध्यम से भाषा विकास, पढ़ने की समझ, लेखन कौशल, प्रश्न पूछने की प्रक्रिया तथा बच्चों की सीख का आकलन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर कार्य किया गया। शिक्षकों ने समूहों में गतिविधियां करते हुए कक्षा-कक्ष की वास्तविक परिस्थितियों पर चर्चा की।अपने अनुभव साझा किए।गणित शिक्षण को सरल एवं बच्चों के लिए सहज बनाने के लिए विभिन्न शिक्षण सामग्री और गतिविधियों का प्रयोग कराया गया। संख्या बोध, स्थानीय मान, जोड़-घटाव सहित अन्य गणितीय अवधारणाओं को गतिविधियों एवं उदाहरणों के माध्यम से समझाने पर विशेष जोर दिया गया। कैच-अप एवं आवश्यकता आधारित शिक्षण के अंतर्गत बच्चों की सीखने की कमियों को पहचानकर उनके अनुसार सहयोग देने के तरीकों पर भी अभ्यास कराया गया।प्रशिक्षण में एआरपी वरुण आर्य, अरुण कुमार, पारितोष कुमार, महेश लोधी एवं अनिल शर्मा ने सुगमकर्ता के रूप में शिक्षकों के साथ सत्र संचालित किए। खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार द्वारा भी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया गया। सभी सत्रों में शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चर्चा, समूह कार्य, प्रदर्शन एवं अनुभव साझा करने जैसी प्रक्रियाओं का प्रयोग किया गया।लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन की ओर से पल्लवी झा ने प्रशिक्षण में शैक्षणिक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को प्रशिक्षण की सीख को विद्यालय स्तर पर लागू करने तथा कक्षा में गतिविधि-आधारित शिक्षण को मजबूत करने के लिए आवश्यक सहयोग दिया गया।



समापन अवसर पर शिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान किए गए गतिविधि-आधारित अभ्यासों एवं डेमो के माध्यम से अपनी समझ साझा की। प्रतिभागियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बच्चों की जरूरत के अनुसार शिक्षण की योजना बनाने और कक्षा में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के कई व्यावहारिक तरीके सीखने को मिले।प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण से प्राप्त सीख को अपने विद्यालयों में लागू करने तथा बच्चों की सीखने की प्रगति को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चमरौआ विकासखंड में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

शुभारंभ | सिंगल स्टेप डोर-टू-डोर डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ

# राशन कोटेदारों के लिए बड़ी सौगात, लाभांश बढ़कर हुआ125 प्रति कुंतल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा उचित दर विक्रेताओं (राशन कोटेदारों) के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके लाभांश में 35 प्रति कुंतल की वृद्धि की गई है। अब प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं को 90 के स्थान पर 125 प्रति कुंतल लाभांश प्राप्त होगा। इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का जनपद रामपुर में भी सजीव प्रसारण किया गया।
जनपद स्तर पर बरेली रोड स्थित भारत गार्डन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शहर विधायक आकाश सक्सेना एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में तहसील सदर क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि जनपद में लगभग 17 लाख लोगों को राशन वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी द्वारा उचित दर विक्रेताओं की आवश्यकताओं एवं उनके हितों को ध्यान में रखते हुए लाभांश में वृद्धि का निर्णय लिया गया है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी तथा उनके परिवारों को आर्थिक सुदृढ़ता प्राप्त होगी।उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों तक निर्धारित मात्रा में राशन पारदर्शी एवं सुगम तरीके से पहुंचाने में उचित दर विक्रेता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उचित दर विक्रेताओं से कहा कि जिन परिवारों की किसी कारणवश यूनिट कम हो गई है, उन्हें नियमानुसार जोड़ने में सहयोग करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्यान्न से वंचित न रहे।उचित दर विक्रेताओं का लाभांश 90 से बढ़ाकर 125 प्रति कुंतल किया गया है।केंद्र सरकार से अतिरिक्त 25 प्रति कुंतल लाभांश वृद्धि हेतु उचित दर विक्रेताओं को आश्वासन दिया गया है।प्रदेश में समस्त उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 500 करोड़ के बजट का प्रावधान करते हुए भवन निर्माण के निर्देश दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सुनते अधिकारी एवं विधायक

**ई-पॉस आधारित फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ**

प्रदेश सरकार द्वारा राशन वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं प्रभावी बनाने तथा उचित दर विक्रेताओं की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सिंगल स्टेप डोर-टू-डोर डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ किया गया है।
प्रणाली के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं से खाद्यान्न आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया जा सकेगा, जिससे राशन वितरण प्रणाली में तकनीक के प्रभावी उपयोग के साथ पारदर्शिता, जवाबदेही एवं निगरानी और अधिक सुदृढ़ होगी।जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि जनपद में 925 उचित दर विक्रेताओं को लाभांश वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा उचित दर विक्रेताओं की आय बढ़ाने के साथ-साथ राशन वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# दो दिन बाद अस्पताल खुलने पर उमड़ी रोगियों की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** दो दिन बाद जिला अस्पताल के खुलने पर रोगियों की भीड़ उमड़ गई। स्थिति यह रही कि पर्चा, दवा काउंटर पर रोगियों की लंबी कतारें लगी रहीं। चिकित्सक कक्ष के बाहर खड़े रोगी भी पहले परामर्श लेने को परेशान दिखाई दिए। कक्ष के अंदर बैठे चिकित्सक ने एक एक करके रोगियों को बुलाने को कहा।
सोमवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 1043 रोगियों के पंजीकरण हुए। पर्चा काउंटर पर पहले पर्चा बनवाने को कतारों में लगे रहे। चिकित्सक कक्ष के बाहर खड़े रोगियों को गार्ड को एक कतारे में लगाते रहे। जिससे कि लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सर्वाधिक खांसी-जुकाम और बुखार से ग्रसित रोगियों को परामर्श दिया गया। वहीं काला पीलिया की दवा लेने के लिए चिकित्सक कक्ष के बाहर खड़े रहे। रोगियों की संख्या बढ़ती देख चिकित्सक ने एक-एक करके दवा के लिए बुलाया। सीएमएस डा.बीसी सक्सेना ने बताया कि हर सोमवार को रोगियों की अधिक संख्या होती है। चिकित्सकों कक्ष के बाहर रखे रोगियों को एक कतार में लगवाने के लिए गार्डों को तैनात किया गया। सभी रोगियों को परामर्श दिया गया।

**सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 1043 रोगियों के बने पर्चे**

# 15 अगस्त पर भोजपुर में मानवता की मिसाल दावते इस्लामी के शिविर में उमड़ा रक्तदान का जज्बा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद/भोजपुर (एम.के.भारती सैफी)।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन GNRF, दावते इस्लामी इंडिया ने मानव सेवा का संदेश देते हुए रक्तदान शिविर आयोजित किया।




मदरसा फैजाने हाफि ज ए मिल्लत में लगे इस शिविर में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दावते इस्लामी के कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर अध्यक्ष सद्दाम अत्तारी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। रक्तदान कर हमने देश सेवा के साथ इंसानियत की सेवा भी की है। संस्था हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तैयार है। इस नेक काम में एड. फुरकान गजाली, राशिद अत्तारी, इरशाद अत्तारी, सलीम अत्तारी, कारी आशिक रजा, कारी जमीर रजा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार ने राशन डीलरों का कमीशन बढ़ाया : कार्यक्रम का हुआ "सीधा प्रसारण"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के आदेश पर सोमवार को ब्लॉक सभागार में राशन डीलरों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राशन डीलर के लाभांश की लाइव घोषणा की जिसका राशन डीलर काफी लंबे समय से धरना प्रदर्शन हड़ताल के जरिए मांग करते आ रहे थे ।आज 10 केंद्र सरकार एवं 25 प्रदेश सरकार ने बढ़ोतरी की है पहले हमारा लाभांश 90 रुपए प्रति कुंतल के हिसाब से कमीशन दिया जाता था आज उसको बढ़कर ?125 पैसे कर दिया गया है तथा मुख्यमंत्री ने 25 पैसे और केंद्र से बढ़ाने की मांग पत्र के द्वारा केंद्र सरकार को भेजी है तथा इसके साथ घरेलू उपयोग की जाने वाली वस्तुएं जैसे कपड़ा साबुन मसाले में खाद्य सामग्री सभी प्रकार वास्तु बेचने की पूर्ण रूप से छूट दे दी है तथा उसमें कोई भी नशीला पदार्थ एवं जलन शील पदार्थ को बेचने की अनुमति नहीं है 'कार्यक्रम में छजलैट ब्लॉक सभागार कक्ष में विधानसभा के समस्त कोटेदार एवं उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक एवं पूर्ति लिपिक कोटेदार संगठन से प्रदेश सचिव चौधरी बृजेश कुमार, भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह, भाजपा नेता चौधरी विक्रम सिंह, आंचल चौधरी आदि उपस्थित रह।






# 940 शिक्षकों के भरोसे "570 संस्कृत विद्यालयों के छात्रों का भविष्य" कागजों में चल रहा है "कांठ का संस्कृत महाविद्यालय " कई साल से ना शिक्षक ना स्टाफ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में स्थित श्री राम कुमार सिंह संस्कृत महाविद्यालय सहित प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति खस्ताहाल है। शिक्षकों की कमी से जूझ रहे संस्कृत विद्यालय के छात्रों का भविष्य अधर में है। प्रदेश में 570 माध्यमिक संस्कृत विद्यालय संचालित हैं। इनमें शिक्षकों के 2549 पद स्वीकृत हैं, लेकिन महज 940 शिक्षक ही तैनात हैं। प्रधानाचार्यों की स्थिति भी चिंताजनक है। 657 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 170 प्रधानाचार्य ही कार्यरत हैं।

शिक्षकों की कमी का असर विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ की छात्र संख्या पर भी पड़ रहा है। प्रांतीय संस्कृत विद्यालय कल्याण समिति के प्रदेश महामंत्री आनंद उपाध्याय का कहना है कि संस्कृत विद्यालय में शिक्षकों के साथ ही संसाधनों का अभाव है। कुछ विद्यालय संविदा शिक्षकों के सहारे चल रहे हैं।प्रबंधकों को भर्ती का अधिकार आदेश का इंतजार : शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की कमी को देखते हुए शासन ने हाल में संस्कृत विद्यालयों में नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट की थी।इसके तहत माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में प्रधानाचार्य और शिक्षकों की भर्ती शिक्षा सेवा चयन आयोग के बजाय विद्यालयों के प्रबंधकों के

**नगर के संस्कृत महाविद्यालय में पढ़ाई के लिए इस समय कोई भी शिक्षक या स्टाफ तैनात नहीं है मुरादाबाद मंडल का शायद यह पहला संस्कृत महाविद्यालय है जो कागजों में चल रहा है**

माध्यम से किए जाने की बात कही गई है। विभाग के लोगों ने आज बताया कि संस्कृत विद्यालयों में भर्ती प्रबंधकों को ही करनी है, चयन आयोग इनकी नियुक्ति नहीं करेगा। नगर के संस्कृत महाविद्यालय में पढ़ाई के लिए इस समय कोई भी शिक्षक या स्टाफ तैनात नहीं है मुरादाबाद मंडल का शायद यह पहला संस्कृत महाविद्यालय है जो कागजों में चल रहा है ।

# 'बुलन्द संदेश' एक्सक्लूसिव: सोमवार को कांठ में देखी गई इंसानियत की मिसाल: धर्मगुरु ने प्रयागराज से हवाई सफर करके "सईदा खातून को दिलाया "इंसाफ "

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सोमवार को तहसील सभागार में सद्भावना का एक नया नजारा देखने को मिला 'एक तरफ अनेक नेता हिंदू- मुस्लिम को लेकर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हुए हैं जबकि दूसरी तरफ एक मुस्लिम महिला की पुकार सुनकर धर्मगुरु उसकी मदद करने के लिए हवाई यात्रा करते हुए प्रयागराज से कांठ आ पहुंचे और महिला की समस्या का समाधान करा दिया। बताया गया की तहसील क्षेत्र के गांव हरिनूरपुर निवासी सईदा खातून को उसके पिता ने रहने के लिए गांव में घर दिया था। उसमें वह करीब 4 साल से रह रही थी आरोप है कि महिला के भाई ने उस घर को अपनी पुत्री के नाम कर दिया महिला ने इसका विरोध किया तो पुलिस को बुला लिया गया पुलिस ने दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति को देखते हुए घर में ताला लगा दिया लेकिन आगे क्या हुआ इसे जानने के लिए, कुछ साल पीछे जाना होगा बताया गया कि महिला कुछ साल पहले ट्रेन में यात्रा कर रही थी वहां ट्रेन में उसकी एक संत से मुलाकात हुई संत ने उसे अपना मोबाइल नंबर देकर कहा कि माता यदि तुम्हें कभी कोई परेशानी आए तो मुझे याद कर लेना, घर हाथ से जाता देख महिला को ट्रेन में मिले संत की बात याद आ गई उसने संत को फोन मिला दिया संत का आश्रम प्रयागराज में है. और वहां वह धर्मगुरु रनजीत मिश्रा के नाम से जाने जाते हैं फोन सुनते ही धर्मगुरु ने हवाई यात्रा शुरू कर दी और दिल्ली उतर गए वहां से गाड़ी लेकर महिला को साथ लिया और कांठ तहसील पहुंच गए उन्होंने तहसील दिवस में पहुंचकर एसडीएम और तहसीलदार से चंद सवाल किए कहा कि आखिर इस सब में पुलिस को ताला लगाने का अधिकार किसने दिया अधिकारियों के पास सवाल का जवाब नहीं था। अधिकारियों ने भी संत की बात को गंभीरता से लेते हुए लेखपाल और संबंधित पुलिस को बुलाकर जानकारी प्राप्त की और तुरंत ताला खुलवाने के एसडीएम ने निर्देश दिए। संत राजस्व टीम लेकर फिर महिला के गांव हरि नूरपुर पहुंचे और ताला खुलवाकर महिला को घर में प्रवेश कराने के बाद अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। मीडिया से बातचीत में संत ने कहा कि उनकी नजर में कोई भी हिंदू या मुसलमान नहीं है वह केवल इंसानियत की भाषा समझते हैं और उसी के तहत हजारों किलोमीटर की यात्रा करके महिला की मदद करने के लिए यहां आए जिसने आज इस पूरे प्रकरण को देखा या सुना वह स्तब्ध रह गया और कहा की एक और जहां हिंदू मुस्लिम की बात करके लोग अपनी राजनीति चमकाने का काम करने में लगे हुए हैं वहीं आज भी भारत के संत मानवता और इंसानियत को बचाने का काम कर रहे है।



# शहरी तर्ज पर विकसित होंगे कांठ तहसील के18, मुरादाबाद तहसील के 34 सहित 71 गांव: बदलेगी तस्वीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शहरी विकास के विस्तार की तस्वीर अब आसपास के गांवों में भी दिखाई देगी। एमडीए के प्रस्तावित विकास क्षेत्र में शामिल 71 गांवों के करीब 146 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिए नया मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।यह मास्टर प्लान तय करेगा कि आने वाले वर्षों में किस क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी विकसित होगी, कहां उद्योग लग सकेंगे, किस जमीन का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों के लिए होगा और किन क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी व अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।मास्टर प्लान के लिए विस्तारित क्षेत्र में इन दिनों फील्ड सर्वे और तकनीकी अध्ययन चल रहा है। इसमें गांवों की आबादी, मौजूदा सड़क व्यवस्था, जल निकासी, बिली-पानी की सुविधाएं, वर्तमान - उपयोग, औद्योगिक और व्यवसायिक गतिविधियों के साथ पहले से मौजूद सुविधा का भी होगा आकलन

मास्टर प्लान केवल खाली जमीन को देखकर तैयार नहीं होगा। क्षेत्र में पहले से मौजूद आवासीय इलाकों, औद्योगिक इकाइयों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बाजारों और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का भी अध्ययन किया जा रहा है। इसके साथ परिवहन व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं की स्थिति को भी देखा जा रहा है।मास्टर प्लान स्वीकृत होने के बाद विस्तारित क्षेत्र में विकास कार्य निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किए जा सकेंगे। भवनों के नक्शे, नई कॉलोनियां, आवासीय परियोजनाएं, औद्योगिक इकाइयां और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की अनुमति भी तय भू-उपयोग के अनुरूप मिलेगी। ऐसे में इन 71 गांवों में जमीन खरीदने, कॉलोनी विकसित करने या निवेश करने वालों के लिए मास्टर प्लान बेहद महत्वपूर्ण होगा।। प्रस्तावित क्षेत्र में अमरोहा तहसील के 16, कांठ तहसील के 18, मुरादाबाद तहसील के 34 और संभल तहसील के तीन गांव शामिल हैं।इनमें अमरोहा तहसील के ढकिया, पतेई खालसा, चकदीपपुर, बुढ़नपुर, जिवाई, दीपपुर, अमेरा, सलीमपुर नवादा, नौरंगी,औरंगाबाद, पांयतीपुर कला, करनपुर, चौधरपुर समेत 16 गांव शामिल हैं।कांठ तहसील के किशनपुर, कुरी रवाना, भीकनपुर असदलपुर, खलीलपुर अमरू, नजरपुर, कुचावली, मधपुरी, जमालपुर मादी नगला, शाहपुर मुकर्रमपुर, लदावली समेत 18 गांव प्रस्तावित क्षेत्र का हिस्सा होंगे।मुरादाबाद तहसील के बरीपुर,पल्लूपुरा घोसी, नगला बनवीर, लोधीपुर राजपूत, धनुपुरा, गिंदौड़ा, सेहरिया, सिहोरा बाजे, मूंढापांडे, हरसैनपुर, भदासना, दौलारा, दलपतपुर, चमरौवा, खानपुर लक्की, नियामतपुर इकरोटिया समेत 34 गांव शामिल हैं।संभल तहसील के इटायला माफी, पैतिया माफी और मालपुर उर्फ मल्हपुर को भी प्रस्तावित विकास क्षेत्र में रखा गया है।

# कुणाल ने "टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीत कर मुरादाबाद का नाम" किया रोशन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी कुणाल अरोड़ा ने यूटीटी फर्स्ट पैरा नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर मुरादाबाद का नाम रोशन किया है। 11 से 13 अगस्त तक इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता में कुणाल ने अपनी श्रेणी में देशभर से आए खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए खिताब जीता।

प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों को आठ ग्रुप में बांटा गया था। ग्रुप मुकाबलों में कुणाल ने कर्नाटक के तुलसीधरा और गुजरात के पारस जोशी को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। प्री-क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के गणेश भट्ट को क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के प्रखर शर्मा को 3-1 और सेमीफाइनल में कर्नाटक के शशिधर कुलकर्णी को कड़े मुकाबले में 3-1 से हराया।




फाइनल में महाराष्ट्र के गजानन परमार को 3-1 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस पदक के साथ उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदकों की संख्या 37 हो गई है। जीत के बाद प्रकाश एन्क्लेव के निवासियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुणाल का स्वागत किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता यशपाल अरोड़ा, माता सोनिया अरोड़ा और कोच को दिया।

# कुन्दरकी इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के कुन्दरकी इंटर कॉलेज में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक हाजी नवाब हुसैन ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद

**प्रबंधक हाजी नवाब हुसैन ने किया ध्वजारोहण**

बच्चों ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हाजी नवाब हुसैन ने देश की आजादी, वीर जवानों, शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों के सपनों का भारत बनाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर नरेश कुमार, मोहम्मद यासीन, दिलशाद, सुभाष चंद्र, साकिब अली, मोहम्मद आसिम, मोहम्मद आसिफ सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।






## स्वतंत्रता दिवस प्रभात फेरी, रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा नगर

# कुन्दरकी में देशभक्ति के रंग में रंगा 80वां स्वतंत्रता दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर व क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व के रूप में पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही प्रभात फेरी निकाली गई। स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया गया।






**अधिकारीयों ने फहराया तिरंगा**

थाना कुंदरकी पर थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन जीनत मेंहदी ने झंडा फहराया। इस दौरान नगर पंचायत के सभासद और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख नगमा जिलानी और बीडीओ ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। बिजली घर पर एसडीओ और जेई ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया।

इसके अलावा पशु स्वास्थ्य केंद्र, रेलवे स्टेशन, डाकघर, सोसाइटी व सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों पर भी ध्वजारोहण हुआ। भारतीय स्टेट बैंक, प्रथमा ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, जिला सहकारी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा में भी बैंक प्रबंधकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

**स्कूलों में गूंजे देशभक्ति के तराने**

नगर के जे एल एम इंटर कॉलेज, कुंदरकी इंटर कॉलेज, अलबरू हायर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों सहित निजी स्कूलों में ध्वजारोहण किया गया।

स्कूलों में प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए देश के अमर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों की परिकल्पनाओं को साकार करना है। देश और समाज के विकास में अपनी पूर्ण सहभागिता निभानी होगी। गरीब और कमजोर वर्ग का उत्थान करना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी कार्यक्रमों में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

**निकली एकता रैली**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर में राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई। साथ ही किसानों के अनेक संगठनों ने भी तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्कूलों और कार्यालयों में मिठाई वितरित की गई।

# शासन के निर्देश पर सोमवार को आयोजित हुआ संपूर्ण तहसील समाधान दिवस : कांठ में मौके पर मात्र चार शिकायतों का निस्तारण होने से "फरियादी हुए मायूस "

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांठ तहसील सभागार में सोमवार को शासन के निर्देश पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम की अध्यक्षता में किया गया' नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने विभिन्न विभागों की 40 शिकायतें दर्ज कराई इनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। 36 शिकायतों को निस्तारित करने के एसडीएम ने निर्देश दिए। क्षेत्र से आए लोगों ने गन्ना, विकास, राजस्व, सड़क, समाज कल्याण, विद्युत, राशन आदि विभागों से संबंधित अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराई इनमें चार शिकायत तो मौके पर निस्तारित हो गई लेकिन बाकी 36 शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के एसडीएम ने निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिला अधिकारी स्निग्धा चतुर्वेदी, तहसीलदार राजकुमार सिंह, नायब तहसीलदार सिद्धार्थ सक्सेना, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

# एमएसएमई तंत्र को मजबूत करने के लिए सुधारों का अगला चरण



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

संसद के दोनों सदनों द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 का पारित होना, एमएसएमई के लिए भारत के कानूनी ढांचे को तेजी से बदलते तंत्र के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मूल अधिनियम के बाद से पिछले दो दशकों में, लाखों उद्यम औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने हैं और एमएसएमई राष्ट्रीय विकास, निर्यात और रोजगार सृजन में अहम योगदान देने वाले बन गए हैं। इस संशोधन का उद्देश्य एमएसएमई इकोसिस्टम को ज्यादा संवेदनशील और भरोसे पर आधारित बनाना है। इससे पंजीकरण आसान होगा, वर्गीकरण बेहतर होगा, ऋण तक पहुंच और समय पर भुगतान आसान होगा, विवादों का निपटारा डिजिटल और तेज होगा और नियमों का पालन आसान होगा।

इस संशोधन में उद्यमों के मुफ्त और स्वैच्छिक पंजीकरण के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रावधान किया गया है। इससे कई तरह की बाधाएं दूर होंगी और सरकार को बेहतर तरीके से लाभ पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। अधिनियम के तहत पंजीकरण एक पात्रता है, जिसका दावा कोई भी कंपनी कर सकती है, यह कोई बाध्यता नहीं है। यह संशोधन संयंत्र, मशीनरी या उपकरणों में निवेश और कारोबार के संयुक्त मानदंडों के आधार पर उद्यमों के वर्गीकरण के लिए एक स्पष्ट फ्रेमवर्क प्रदान करता है। इस वर्गीकरण से फ्रेमवर्क को प्रौद्योगिकी, लागत, बाजार और व्यवसाय मॉडल में आने वाले बदलावों के अनुसार तेजी से ढाला सकता है और यह केंद्र सरकार को अधिसूचना के माध्यम से इसकी सीमाओं को निर्धारित करने का अधिकार देता है। ज्यादातर एमएसएमई के लिए सबसे बड़ी चिंता नियमित नकद प्रवाह की होती है, क्योंकि किसी छोटे उद्यम का एक भी भुगतान न मिलने का व्यापक असर कर्मचारियों के समय पर वेतन, कच्चे माल की खरीद और अगले ऑर्डर को स्वीकार करने पर पड़ता है, जिससे भुगतान में देरी होने से कंपनी के काम करने और आगे बढ़ने की क्षमता पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए इस संशोधन में इस समस्या को तीन चरणों-रोकथाम, समाधान और कार्यान्वयन के माध्यम से दूर करने की कोशिश की गई है। रोकथामः यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए 'ट्रेड्स' (टीआरइडीएस) के माध्यम से एमएसएमई से संबंधित रसीद (इनवॉइस) के भुगतान और जानकारी देने को अनिवार्य बनाकर पारदर्शिता लाता है। राज्य सरकारें भी यही नियम अपने राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर लागू कर सकती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होने के नाते, 'ट्रेड्स' एक स्वीकृत इनवॉइस के आधार पर बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से तुरंत वित्तपोषण प्राप्त करने की सुविधा देता है। इससे आपूर्तिकर्ता को अग्रिम भुगतान मिल जाता है, जबकि खरीदार तय तिथि पर बैंक या वित्तीय संस्थान को भुगतान चुकता करता है। इस प्रकार, रिसिवेबल्स (मिलने वाली रकम) आपूर्तिकर्ता के लिए लिक्विडिटी का जरिया बन जाता है, जिससे कंपनी को अपने कामकाज का प्रबंधन करने, बिलों का भुगतान करने और व्यवसाय को आगे बढ़ाने में आसानी होती है।

**समाधानः** यह इस अधिनियम के विवाद-समाधान फ्रेमवर्क को और अधिक मजबूत करता है। यह राज्य सरकारों को मध्यस्थता और सुलह के लिए अतिरिक्त 'सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषदों' (एमएसइएफसी) की स्थापना करने में सक्षम बनाता है। यह मध्यस्थता और सुलह के लिए समय-सीमा निर्धारित करता है तथा ऑनलाइन विवाद-समाधान को वैधानिक मान्यता प्रदान करता है। इससे मामलों का तेजी से निपटारा होगा और एक ऐसी व्यवस्था तैयार होगी जिससे कंपनी प्रक्रिया और समय-सीमा की निश्चितता के साथ अपने जायज दावों को पेश कर सकेगी। कार्यान्वयनः 'सुविधा परिषदों' द्वारा दिए गए निर्णय के तहत मिलने वाली रकम को जमीन के लगान की बकाया राशि की तरह वसूला जा सकता है।

# ईरान के चक्रव्यूह में फंसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



तनवीर जाफरी




पूरे विश्व की निगाहें इस समय अमेरिका -ईरान के मध्य चल रहे तनावपूर्ण हालात पर लगी हुई है। इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने अपने छल से राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान से एक ऐसे युद्ध में उलझा दिया है जिससे ट्रंप के लिये बड़ी परेशानी खड़ी हो गयी है। विश्व इतिहास में यह पहला मौका है जबकि ईरान जैसा देश प्रत्येक मोर्चों पर अमेरिका को बराबर की चुनौती दे रहा है। नतीजतन ट्रंप के गलत फैसलों से अब अमेरिकी सेना के जवान भी ऊब चुके हैं। पिछले दिनों अमेरिकी नौसेना के एक परमाणु ऊर्जा संचालित सुपर-कैरियर विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन CVN-72 को लेकर एक ऐसी खबर आई जिसने पूरी दुनिया को हैरानी में डाल दिया। यह युद्धपोत 21 नवंबर 2025 को सैन डिएगो, कैलिफोर्निया से अपनी निर्धारित यात्रा पर निकला था। शुरूआत में इसे प्रशांत क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में तैनात किया जाना था, लेकिन जनवरी 2026 में इस्राईल -अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध छिड़ जाने के बाद इसे अचानक पश्चिम एशिया/अरब सागर की ओर मोड़ दिया गया। इस युद्धपोत पर लगभग 5,000 नौसैनिक और मरीन तैनात हैं। इन नौसैनिकों ने समुद्र में लगातार 250 से अधिक दिन बिताए हैं, जिसमें से करीब 200 दिन बिना किसी 'पोर्ट कॉल' अर्थात बिना किसी बंदरगाह पर रुके हुये बीते हैं, जो आधुनिक अमेरिकी नौसेना के इतिहास में एक रिकॉर्ड है। नौसैनिकों व मरीन की इस तैनाती को मूल रूप से मई 2026 में समाप्त होना था, लेकिन ईरान के साथ जारी जंग के कारण इसे बार-बार आगे बढ़ाया गया, जिससे सैनिकों की घर वापसी अनिश्चित हो गई। सैनिकों में पैदा हुये इसी अत्यधिक मानसिक दबाव के चलते कम से कम 6 नौसैनिकों ने युद्धपोत से समुद्र में कूदकर जान देने यानी आत्महत्या करने की कोशिश की, जिन्हें उन्हीं के सैनिक साथियों द्वारा समय रहते बचा लिया गया। इस घटना को लेकर पूरी दुनिया में बड़ी चर्चा छिड़ गई है।

माइक लेविन जैसे कई अमेरिकी सांसदों और मरीन सैनिकों के परिवारों ने भी यह खुलासा किया कि युद्धपोत पर जीवन नरक जैसा हो गया है। कई हफ़्तों तक जहाज पर गर्म पानी नहीं मिलता और टॉयलेट्स व शावर आदि खराब हो चुके हैं। लॉन्ड्री सुविधा बंद रहने से सैनिक गंदे कपड़े पहनने को मजबूर हैं। युद्धपोत पर भोजन और जरूरी सामानों की भारी कमी हो गई, यहाँ तक कि राशन कम होने पर सैनिकों को भोजन में बेहद कम व सीमित मात्रा दी जा रही है। और तो और युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से बहरीन जैसे अमेरिकी ठिकानों से जहाज तक रसद पहुँचाना भी मुश्किल हो गया है। इस हादसे,अमेरिकी सांसदों के दबाव और परिवारों के आक्रोश के बाद अब अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने घोषणा की है कि युद्धपोत को अब रोटेशन प्लान के तहत वापस बुलाया जा रहा है। मिडिल ईस्ट में इसकी जगह लेने के लिए दूसरे विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन को भेजा जा रहा है ताकि थके हुए सैनिकों को राहत मिल सके। परन्तु इस खबर ने वर्तमान समय में अमेरिकी सैनिकों की उबावपूर्ण स्थिति तो उजागर कर ही दी है। उधर ईरान की तरफ से संभावित खतरे के संदेह में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अंतिम समय में विमान बदलने से जुड़ी हुई एक हैरतअंगेज खबर सामने आई। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार पिछले महीने तुर्की में नेटो शिखर सम्मेलन से निकलते समय ट्रंप ने गुपचुप तरीके से अपना विमान बदल लिया था। खबरों के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति टेलीविजन कैमरों की मौजूदगी में एयर फोर्स वन में सवार हुए, फिर उन्हें चुपके से एक ऊंचे एयरपोर्ट कैटरिंग ट्रक में ले जाया गया और एक सैन्य विमान तक पहुंचाया गया। हालांकि, अब वॉशिंगटन पोस्ट की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने एक बार फिर विमान बदल दिया था। पोस्ट ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि ट्रंप को पुराने एयर फोर्स वन विमान से एक कैटरिंग कंटेनर में बाहर निकाला गया। यह कंटेनर ट्रंप को एक छोटे सी-32ए विमान तक ले गया। इसी विमान से उन्होंने ब्रिटेन के लिए उड़ान भरी। इस दौरान विमान में सवार पत्रकारों और व्हाइट हाउस के कुछ कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी नहीं थी। इससे पहले अंकारा में शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने कहा था कि वो ईरान का "नंबर वन निशाना" हैं।

ट्रंप के ईरान से भयभीत होने की एक सबसे बड़ी वजह यह भी है कि जुलाई 2026 में ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान ईरान में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या से जुड़े बेहद आक्रामक पोस्टर, बैनर और नारे खुले आम लगाए गए थे । फरवरी 2026 में अमेरिका-इस्राईल के हवाई हमलों में अयातुल्ला खामेनेई व उनके कई परिजन शहीद हो गए थे जिसके बाद हुए उनके विशाल अंतिम संस्कार में ईरानी लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। अंतिम संस्कार के दौरान राजधानी तेहरान और खामेनेई के दफ़्न वाले शहर मशहद की सड़कों पर जगह जगह अंग्रेजी में "ङक्छछ ळफ्ब्रटढ" लिखे बड़े बड़े बैनर और धमकी भरे पोस्टर देखे गये। काले कपड़ों में शामिल महिलाओं और प्रदर्शनकारियों ने अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में "ङक्छछ ळफ्ब्रटढ" लिखे हुए लाल रंग के प्लेकार्ड उठा रखे थे। कई पोस्टर्स में डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और इस्राईली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरों पर बंदूक की दूरबीन का निशाना क्रॉस हेयर बना हुआ था। उन पोस्टरों पर नीचे लिखा था- "ळ्रीश्री द्व''ु़्रु'ड्ढड्ढ" यानी खून बहेगा। इसी तरह तेहरान में एक पुल से ट्रंप का एक विशाल बिलबोर्ड (होर्डिंग) लटकाया गया था, जिस पर उनके सिर पर गोली का निशान बना था और लिखा था "अमेरिका ने हमारे पिता को मारा है, हम तुम्हें छोड़ेंगे नहीं!" और वहां से गुजरती आक्रोशित भीड़ उस होर्डिंग पर पत्थर बरसा रही थी। खामेनेई के अंतिम संस्कार के जुलूस में भी भीड़ ने सामूहिक रूप से कसम खाते हुए नारे लगाए कि "हम अपने सर्वोच्च नेता के खून की कसम खाते हैं, ट्रंप हम तुम्हें मार डालेंगे!" मुख्य मंच से कवियों और उद्घोषकों ने लाउडस्पीकर पर चिल्लाते हुए भीड़ से पूछा, "दुनिया का सबसे कमीना आदमी (डोनाल्ड ट्रंप) अभी तक जिंदा क्यों है? जिसने हमारे इमाम को मारा, हम उसे क्यों न मारें?" इसके बाद पूरी भीड़ ने 'डेथ टू डोनाल्ड' के नारे लगाए। यहाँ तक कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने भी लिखित बयान जारी कर कहा कि ईरान ने इन "अपराधी हत्यारों" की एक हिट-लिस्ट तैयार की है और उनसे बदला लेना अब ईरान का राष्ट्रीय संकल्प है। इसतरह के हालात ट्रंप व उनके सुरक्षा सलाहकारों में ईरान के प्रति भयभीत होने के लिए पर्याप्त हैं। यानी कहना गलत नहीं होगा कि अपने ही गलत फैसलों के चलते ट्रंप ईरान के चक्रव्यूह में बुरी तरह फंस चुके हैं।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# अंग्रेजी टॉयलेट के सुख कम,दुख ज्यादा



अरविंद रावल

आधुनिक डिजिटल इंडिया में आज हर चीज आधुनिक, सुविधाजनक और तकनीक से जुड़ी हुई दिखाई देती है। मनुष्य ने अपनी सुख-सुविधाओं के लिए ऐसे अनेक साधन विकसित कर लिए हैं, जिनसे जीवन पहले की अपेक्षा कहीं अधिक आरामदायक हो गया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हर सुविधा हमारे स्वास्थ्य के लिए भी उतनी ही लाभकारी है? कहीं ऐसा तो नहीं कि सुविधा और विलासिता की दौड़ में हम प्रकृति द्वारा निर्धारित अपनी सहज जीवनशैली से दूर होते जा रहे हैं? मनुष्य का शरीर प्रकृति की अद्भुत रचना है। उसकी प्रत्येक प्राकृतिक क्रिया का अपना एक वैज्ञानिक और शारीरिक महत्व है। जब हमने इन प्राकृतिक क्रियाओं को अत्यधिक सुविधा और आधुनिकता के आवरण में ढालना शुरू किया, तब शरीर को तत्काल आराम तो मिला, लेकिन धीरे धीरे हमारी जीवनशैली में कई ऐसी आदतें शामिल हो गईं, जो स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय बनती जा रही हैं। आज आधुनिक मनुष्य आर्थिक रूप से संपन्न है। उसके पास घर, वाहन, मोबाइल, इंटरनेट और जीवन को आसान बनाने वाली तमाम सुविधाएं हैं। फिर भी शारीरिक और मानसिक परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। कब्ज, अपच, नींद की कमी, तनाव, चिड़चिड़ापन और शारीरिक निष्क्रियता जैसी समस्याएं आज आम चर्चा का विषय हैं। यह स्थिति हमें सोचने के लिए मजबूर करती है कि कहीं हमारी तथाकथित आधुनिक जीवनशैली ही हमारी परेशानी का एक बड़ा कारण तो नहीं बन रही? भारतीय जीवन दर्शन में समय पर सोने और सूर्योदय से पहले उठने को स्वस्थ जीवन का आधार माना गया है। लेकिन आज मोबाइल और डिजिटल दुनिया ने हमारी दिनचर्या को पूरी तरह बदल दिया है। देर रात तक मोबाइल की स्क्रीन पर समय बिताना, देर से सोना और सुबह देर से उठना अब सामान्य होता जा रहा है। पर्याप्त नींद न मिलने का असर केवल शरीर पर ही नहीं, बल्कि मन, कार्यक्षमता और व्यवहार पर भी पड़ता है। इसी तरह शौच की प्राकृतिक प्रक्रिया भी हमारी जीवनशैली से गहराई से जुड़ी हुई है। भारत में लंबे समय तक उकड़ू बैठकर शौच करने की पद्धति प्रचलित रही है। इस मुद्रा में शरीर की स्थिति ऐसी बनती है, जिससे कुछ लोगों को मल त्याग सहज महसूस हो सकता है। आज पश्चिमी शैली के कमोड के बढ़ते चलन के कारण यह पारंपरिक पद्धति तेजी से पीछे छूट रही है। इसका अर्थ यह नहीं कि पश्चिमी टॉयलेट अपने आप में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। बुजुर्गों, घुटनों की समस्या वाले लोगों, गर्भवती महिलाओं और शारीरिक रूप से असमर्थ व्यक्तियों के लिए कमोड कई बार अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित विकल्प हो सकता है।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** – पढ़ाई अच्छे से करेंगे,बैंक में जॉब चाहते हैं तो मिल सकती है, जीवनसाथी से या प्रेम सम्बंध में धोखा मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-63

**वृषभ** – शिक्षा रुक गई थी तो पुनः शुरू होगी, प्रेम सम्बंध विवाह में बदल जाए प्रयास करेंगे, माता आपके लिए चिंतित रहेगी, मित्रों से सहयोग से आय होगी। भाग्य प्रतिशत-53

**मिथुन** – खानपान पर विशेष ध्यान दे, लीवर के लिए दवा लेते रहे, नौकरी में अच्छे से काम करने के बावजूद परेशान रहेंगे,आढ़त, इंश्योरेंस, किताब, कोचिंग से आय होगी। भाग्य प्रतिशत-56

**कर्क** – बुद्धि सही रखें, रेडीमेड गारमेंट, कपड़ा, आर्टिफिशल ज्वेलरी, कॉस्मेटिक व्यवसाय से आय होगी, दूसरी जाति में प्रेम समबन्ध हो सकता है, अपनी बातें प्लान गुप्त रखें। भाग्य प्रतिशत-58

**सिंह** – किसी संस्था को खोलने का प्लान बनेगा, ज्योतिष सलाह भी ले सकते हैं, सेना, तकनीकी विभाग में कार्यरत व्यक्ति का विवाह प्रस्ताव आ सकता है,आय की कमी नहीं होगी। भाग्य प्रतिशत-67

**कन्या** – अच्छे संपर्क भी बनेंगे, कुछ पाने की चाहना ज्यादा बढ़ेगी, मूत्र,शुगर,गठिया जैसे रोग वृद्ध लोगों को परेशानी देंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**तुला** – विदेशी लोगों से संपर्क बढ़ेगा, खर्चे बढ़ेंगे, एचआर, डिजिटल एवं प्रोडक्ट मार्केटिंग, कोचिंग देना,लाईब्रेरीयन, सीए उन्नति करेंगे, स्वभाव टैलेंट की तारीफ होगी। भाग्य प्रतिशत-75

**वृश्चिक** – जनसम्पर्क बढ़ेगा राजनीति, किसी कैम्पेन से जुड़ सकतेहैं, संस्कृत, एकाउंट जैसे क्षेत्र में उन्नति मिलेगी, दूसरी संतान का सुख मिलेगा, आनंद का समय हैं। भाग्य प्रतिशत-79

**धनु** – सभी अभिलाषाओं की पूर्ती होगी,जीवनसाथी को सहयोग देंगे उनकी भी उन्नति होगी, धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी, वाहन,मकान का सुख बढ़ेगा।

**मकर** – दिमाग में प्लान सौ उलझने चलती रहेगी, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, लोगों पर अपने ज्ञानी अपनी वाणी का प्रभाव छोड़ेंगे।

**कुंभ** – जीवन साथी के गुप्त समबन्ध एवं स्वयं को रोग परेशान कर सकते हैं, ऑर्केस्ट्रा को गीत संगीत कार्यक्रम मिल सकता है, कड़ी भाषा का प्रयोग कर सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-52

**मीन** – इच्छित विवाह करने में अड़चने आ सकती हैं, होटल, फूड लाइन, होम स्टे से अच्छी आय होगी, किसी काम के लिए केलकुलेशन ज्यादा उपयोग करेंगे। भाग्य प्रतिशत-56



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# 500 से चालीसा लिखने का विश्व रिकार्ड बनाने, हिन्दी, गणित और संस्कृत में नवाचार करने वाले डॉ दशरथ मसानिया की असमय मृत्यु



आत्माराम यादव

14 अगस्त 2026 को असमय मृत्यु को प्राप्त हुए डॉ दशरथ मसानिया जैसा व्यक्तित्व सदियों में जन्म लेता है। 500 से अधिक चालीसा लिखने, स्वच्छता पर दोहे, संस्कृत, गणित को अपने नवाचार के सूर्योदय से रोशन कर उसे गायन के प्रयोग से सरल कर देशभर के बच्चों पर उपकार किया। उनकी सेवाओं के लिए उन्हे कई स्थानों से श्रेष्ठ सम्मानों से सम्मानित किया गया ऐसे शिक्षक डॉ मसानिया का असमय देहांत हो जाना बेहद दुखद है तथा साहित्य और शिक्षा जगत के लिए अपूर्ण क्षति है। आज उनके जीवन की स्मृति में ही हमारी धरोहर रह गई है, मेरा डॉ मसानिया से मई 1995 में संपर्क हुआ जब होशंगाबाद से मेरे द्वारा ग्वाल समाज की पत्रिका सारथी का प्रकाशन शुरू किया तब वे ग्वाल महिमा पत्रिका के संपादक हुआ करते थे। उनकी कुछ यादें ताजा कर उनके न रहने के दुख को विस्मरण कर रहा हूँ, संभवतः आप भी उनके करीबी रहे हो तो आप इसमें शामिल हो सकते है।

डॉ मसानिया के अब तक के लिखे गए साहित्य से परिचय कराकर उन्हे सच्ची श्रद्धान्जली देना चाहता हूँ ताकि आप सभी डॉ मसानी से दिल से जुड़कर उनकी लेखनी से भी भिग्य हो सके। डॉ मसानी का सबसे बड़ा ओर प्रमुख लेखन जो दुर्लभ है वह था हिन्दी साहित्य का इतिहास, जिसे उन्होने मात्र सरल,सहज 100 दोहों में समेट कर उस इतिहास का लेखन किया जो सर्वप्रथम हिन्दी साहित्य का इतिहास लेखन फ्रांसीसी विद्वान गार्सा द तासी ने सन 1839 मे किया था। इसके बाद शिवराज सिंह सेंगर, जार्ज ग्रियर्सन , मिश्र बन्धु आदि ने लिखा। सन 1929 में आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'हिन्दी का इतिहास ' लिखकर इसे चार भागों में बांटा जो छात्रों , शिक्षकों तथा हिन्दी प्रेमियों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ । इसी इतिहास को आधार बनाकर डॉ मसानिया ने मात्र 100 दोहों में समेट कर गायन नवाचार के रुप मे प्रस्तुत किया है जो आज छात्र छात्राओं के लिए ही नहीं वरन शिक्षकों के लिए वरदान बन गया है यह संग्रहणीय और पठनीय भी है ओर विभिन्न प्रतियोगता में भी परीक्षा में उपयोगी सिद्ध हुआ है ।

सर्व प्रथम मूल 62 दोहे हिन्दी दिवस 2014 में प्रकाशित हुए जिन्हे कई पत्र पत्रिकाओं मे स्थान दिया गया । आदिकाल के ,भक्तिकाल व रीतिकाल, 20-20 तथा आधुनिक काल के 40 दोहे प्रेरणादायी , सार्थक,संक्षिप्त तथा सूत्रबद्ध है जिन्हें गाकर भी आसानी समझा जा सकता है । उदाहरण के लिए 4 रामभक्त कवियों के नाम भक्तमाल नाभा लिख , हृदयराम हनुमान । अग्रदास की मंजरी, रामायण चौहान ।। 8 कृष्ण भक्त कवियों के नाम - कृष्ण चतुर परमानंद, गोविन्द कुंभनदास । सूर नंद अरु छीत कवि,अष्ट छाप के खास।। 6 सूफी कवियों के नाम कुतुबन मंझन जायसी, नूर शेख उसमान। प्रेममार्ग सूफी कवि, कहते कवि मसान ।। रामानंद के 12 ज्ञानमार्गीय शिष्यों के नाम एक दोहे में सुखा अनंता सुरसुरा, भावा हरया पूर। कबीर अन्ना सेन रवि, पीपा पद्मा सूर।। इसी प्रकार आधुनिक काल को भागों में (भारतेन्दु युग, द्विवेदी, छायावादी, प्रगतिवादी,प्रयोगवादी और नई कविता) बाँटकर कवि और उनके कृतित्व का बोध कराया गया है । चार तार सप्तक को चार दोहे में पिरोकर 7 - 7 कवियों के नाम सूत्रबद्ध है । संक्षेप में कहा जा सकता है छात्रों को सिखाने के लिए डॉ मसानिया के दोहे हिन्दी जगत में गागर में सागर भर रहें हैं । इन दोहों को आप 'हिन्दी दोहावली' मे पढ सकते है। इन्हें शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए और छात्र हित में पाठ्यक्रम में भी जोड़ा जा सकता है। मुझे स्मरण है आगर के तत्कालीन कलेक्टर डी.व्ही.सिंह ने 26 सितंबर 2017 को डॉ दशरथ मसानिया की प्रशंसा में उनके द्वारा ' स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लिखे कुछ दोहे गायन मे शामिल करने के साथ स्कूलों की दीवारों पर लिखवा कर लोगों को प्रेरित कर करने के अभियान की शुरूआत की तब डॉ मसानिया के दोहे पूरे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में स्वच्छता की अलख जगाने में कारगर हुये, उसी समय उनकी ह्वबेटी चिरईयाह्व की धूम मची हुई थी और उनकी लेखनी को सम्मान देने के लिए होशंगाबाद की संस्था जो जगतगुरु से कथावाचक प्रदीप मिश्रा, धमार्चार्य सोमेश परसाई आदि शतादिक देश के साहित्यकारों को सम्मानित कर चुकी थी के द्वारा डॉ दशरथ मसानिया जी को भी उनके अब तक के सेवाओं को लेकर सम्मानित किया गया, जिसका साक्षी बनने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त हुआ। यूं तो उन्हे प्रदेश सरकार ने, राज्यपाल महोदय ने सम्मानित कर उनका ही नहीं बल्कि ग्वाल समाज का गौरव बढ़ाया वही हिंदी रक्षक अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह 2024 मंच की अमेरिका शाखा, लंदन शाखा एवं दिव्योत्थान एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 22 दिसंबर 2024 गणित दिवस पर मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति सभागृह इंदौर में लंदन से आई मुख्य अतिथि श्रीमती माधवी ने हिन्दी भाषा की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ मसानिया विगत 30 वर्षों से हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए शिक्षा जगत मे कार्य कर सबसे अधिक चालीसा लिखकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर चुके है। हिन्दी को 230 दोहों में समेट कर व्याकरण, गद्य पद्य, रस छंद अलंकार को गायन शोध के रूप में प्रस्तुत कर अद्भुत कार्य किया है। डॉ दसरथ मसानी की महानता उनके हिन्दी साहित्य में किसी गुणविशेष की अतिशयता में प्रकट करने से देखी जा सकती है जिसमें उनके विविध और अनेक गुणों के संविकास की जीवन-शक्ति के दर्शन होते है। आदरणीय डॉ दसरथ मसानी के जीवन में उनके द्वारा किए गए कार्यों व लेखन अनेक गुणों का समुच्चय है। उनके भीतर मातृभाषा हिन्दी के अलावा संस्कृत, गणित तो हिलोरे ले रहा था वही धर्म, परंपरा, रीति रिवाज ओर हमारे कुलदेवी देवताओं के पार्टी उनमें प्रेम का प्रवाह सागर रहा है जिसके स्त्रोत से नवाचार के रूप में चालीसा की फुहारें होती रही है। उनका हृदय उनके शरीर के समान ही विशाल और गहन है जिस में साथियों के अलावा अपनी तीन बेटियों के सपनों के आकाश को वे ऊंचाइया देते रहे, अभी चार माह पूर्व ही नर्मदापुरम में वे अपनी धर्मपत्नी के साथ आए ओर समाजजन से भेंट कर कुछ समय के लिए मेरे निवास पर भी रहे यह उनकी अनोखी निकटता सभी समाजजन के प्रति रही है। उन्हें साहित्य में रस है। संगीत से प्रेम है। जो नवीन विचारों को लयवद्ध कर अपनी माटी-अपनी मातृभूमि के प्रति उनका अथाह प्रखरता उनके शब्दों में उनके चालीसा में, उनके दोहे में दिखाई देती है।

# बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल/बहजोई (मोहम्मद काशिफ)।** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) पीजी



कॉलेज, सम्भल में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रभक्ति, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) योगेन्द्र सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य प्रोफेसर योगेन्द्र सिंह के द्वारा "नशा मुक्त भारत" की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सहसचिव श्री विनय कुमार गुप्ता जी, कोषाध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल जी एवं डॉ. अरविन्द गुप्ता जी सहित प्रबन्ध समिति के अन्य सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरान्त छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रगान के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ डॉ. विजयलक्ष्मी द्वारा देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत 'वन्दे मातरम' की प्रस्तुति के साथ किया गया।

# राष्ट्रीय पुरोहित परिषद द्वारा की गई कांवड़ियों की सेवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** राष्ट्रीय पुरोहित परिषद ने श्रावण मास में हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कांवड़ियों की भव्य सेवा की। साथ ही परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कांवड़ियों को चिकित्सा औषधी

**चंदन-वंदन, पुष्प वर्षा और औषधी वितरण कर किया स्वागत**

भेंट कर, चंदन-वंदन किया और उन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया। राष्ट्रीय पुरोहित परिषद के बैनर तले समाजसेवी गण हसनपुर रोड पर पहुंचे। वहां कांवड़ियों के जत्थे पर पुष्प वर्षा की गई। सभी कांवड़ियों के मस्तक पर तिलक लगाया गया। डीजे पर भगवान शिव को समर्पित भजनों पर राष्ट्रीय पुरोहित परिषद के नरेश शर्मा, परमानंद तिवारी, सत्येंद्र शर्मा, जयदेव शर्मा, तरुण




शर्मा, नवीन कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, राकेश शर्मा आदि ने सड़क पर ही नृत्य किया।
सेवा के दौरान सभी कांवड़ियों को ओ आर एस का घोल पिलाया गया। पेट दर्द, सिर दर्द, बदन दर्द की गोलियां वितरित की गईं और सभी कांवड़ियों के चरण स्पर्श किए गए। राष्ट्रीय पुरोहित परिषद के कोषाध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि "कांवड़ियों की सेवा से सभी प्रकार के पुण्य की प्राप्ति होती है। शिव हों या शिव के भक्त, उनके दर्शन, पूजन, सेवा, अभिनंदन और स्वागत-सम्मान करने से व्यक्ति इस लोक में यश प्राप्त करता है और परलोक में सद्गति प्राप्त करता है।
इस सेवा कार्यक्रम में हिंदू जागृति मंच के चरन सिंह भारती, वार्ड मेंबर महावीर सिंह, अनंत कुमार अग्रवाल,विनोद कुमार अग्रवाल, उमेश सैनी, सत्यवीर सिंह, दुर्वेश सैनी, मीनू रस्तोगी, सुमन लता शर्मा, बबीता भारद्वाज, रेखा शर्मा, सुमन शर्मा, आदि ने कांवड़ियों की सेवा-सुश्रूषा में सहयोग किया। इस मौके पर भाजपा नेता चरन सिंह भारती ने कहा कि श्रावण मास में हरिद्वार, बृजघाट हो या कहीं भी गंगा तट से लाया गया जल भगवान शिव पर चढ़ाने से अनंत फल प्राप्त होता है। यह हमारी आदिकाल से चली आ रही अनवरत परंपरा है। वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्साह, उमंग, हर्ष, गर्व और गौरव के साथ संपूर्ण अभूतपूर्व व्यवस्थाएं करके सभी कांवड़ियों और हिंदू समाज का दिल जीत लिया है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद संभल के सभासद महावीर सिंह का इस कार्यक्रम में विशेष मार्गदर्शन रहा।

# मियां जी के आवास पर झन्डा फहराकर बस्ती के बच्चे बडो को समझाय स्वतंत्रता दिवस का महत्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** जहाँ एक ओर देश भर में स्कूलों सरकारी भवनों व राजनीतिक कार्यलयो पर झन्डा फहराकर राष्ट्रगान गाया गया वही स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नगर के हसनपुर रोड तुतीर्पुर पुर इलहा स्थित समाजसेवी मियँजी इन्तेजार हुसैन के आवास पर स्वतंत्रता दिवस के 80 वे मौके पर स्वयं सेवको ताथा स्थानीय लोगों के साथ तिरंगा झंडा फहराया गया और राष्ट्रगान के बाद संविधान की प्रस्तावना पढी. गई ताथा भाईचारे के साथ रहने का संकल्प लिया गया मियँजी इन्तेजार हुसैन ने आजादी के इस महोत्सव के महत्व को



बताते हुये कहा कि आज ही के दिन हमारा देश स्वतन्त्र हुआ था आज ही के दिन भारत ने अंग्रेजों की गुलामी की बेड़ियों तोड़कर स्वतंत्रता की आजाद हावा में साँस ली थी उन्होंने इस मौके पर शेर पड़ते हुए कहा मिट जायेगी. दुनिया से हर एक उसकी निशानी जो कौम मेरे देश से गद्दारी करेगी सर अपना कटा देगे वतन के लिए मियँ हर दौर में फिर दुनिया हमें याद करेगी इस मौके पर डाँ० गंगाराम, मुंशी ओमप्रकाश, शाहरुख खान, मौ वसीम, गाफिर, डॉ कमल सिंह, आरिफ एड, मौलाना अहसान, शाहनवाज, नईम, राना बाबा, जाफर, सहित अनेक लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन जफरूल इस्लाम ताथा अध्यक्षता मियँ जि इन्तेजार हुसैन ने की कार्यक्रम उपरान्त लोगों को मिष्ठान का वितरण किया।

# पहले कप्तान सिंह फिर बना कप्तान खान, अब फिर से कप्तान सिंह बनने की इच्छा जताई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सोमवार 17अगस्त,करीब 15 वर्ष पहले प्रेम

- **प्रेम विवाह के लिए बदला धर्म, 15 साल बाद फिर सनातन की राह पर कप्तान सिंह**
- **मुस्कान से निकाह के लिए बने थे मौहम्मद कप्तान खान, अब पत्नी और तीन बच्चों के साथ हिंदू धर्म में वापसी की तैयारी**

विवाह की राह में धर्म बदलने वाले आढ़ौल निवासी कप्तान सिंह की कहानी अब एक बार फिर मोड़ पर है। मुस्कान से विवाह करने के लिए मुस्लिम धर्म अपनाकर मौहम्मद कप्तान खान बने





कप्तान सिंह अब पत्नी और तीन बच्चों के साथ सनातन धर्म में लौटना चाहते हैं। इसी के लिए उन्होंने प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू की है। 17 अगस्त 2026 को वह डीएम को प्रार्थना पत्र देने के लिए पहुंचे, लेकिन पत्र जमा नहीं हो सका। इसके बाद अधिवक्ता से प्रार्थना पत्र तैयार कराया गया है। कप्तान सिंह का कहना है कि वह मूल रूप से हाथरस के गांव गढ़ी जैनी के रहने वाले हैं और जन्म से हिंदू सनातनी व ठाकुर हैं। करीब 15 वर्ष पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी मुस्कान से प्रेम विवाह के दौरान उसके परिवार की शर्त के चलते उन्होंने इस्लाम स्वीकार किया था। विवाह के बाद नाम और परिवार के दस्तावेज भी मुस्लिम नामों से दर्ज करा दिए। करीब आठ वर्ष पहले वह संभल के आढ़ौल में आकर बस गए और भट्ठों पर मजदूरी करने लगे। अब उनका कहना है कि वह पत्नी और तीन बच्चों के साथ बिना किसी दबाव के अपनी इच्छा से सनातन धर्म में वापस आना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने विधि-विधान और वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हिंदू धर्म स्वीकार करने की अनुमति मांगने की तैयारी की है। साथ ही अपने और परिवार के सदस्यों के नाम भी पूर्व हिंदू नामों के अनुसार रखने की इच्छा जताई है। कप्तान सिंह के इस फैसले ने करीब डेढ़ दशक पुरानी उनकी प्रेम विवाह की कहानी को फिर चर्चा में ला दिया है।

# भारतीय नागरिक को बराबर का सम्मान दिया जाये : मौहम्मद हमजा एडवोकेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** बाजार नखासा चौराहा स्थित हकिम अपना पार्टी के कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। जिसमें मौहम्मद हमजा एडवोकेट राष्ट्रीय अध्यक्ष हाकिम अपना पार्टी ने डोरी खींचकर झण्डा फहराया। जिसमें गणमान्य लोग उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सभी देशवासियों को एवं पूरे विश्व में रह रहे भारतीय नागरिकों को 15 अगस्त 1947 की याद में बहुत-बहुत बधाई।
कहा कि आज देश में महंगाई चरम-सीमा पर है प्रतिदिन पाँच सौ रुपये कमाने वाला व्यक्ति अपने बच्चों का भरण-पोषण करने में असमर्थ है। आजादी के सिपाही हमारे पूर्वजों ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जिसमें सभी जाति-धर्म के लोगों को खुले में जीने का हक होगा एवं अपने पूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे लेकिन आज दुख का विषय है भारत में शिक्षित युवा वर्ग जो कि हमारे देश की रीढ़ है को भी अपने पेट के लिए दो वक्त की रोटी हासिल करने के लिए भी जन्तर-मन्तर जैसे स्थान पर संघर्ष करना पड़ रहा है।
सम्भल एक ऐसी पिछड़ी जगह है जिसके लिए

**संभल में अधिकतम जनसंख्या अनपढ़ है। आस-पास के क्षेत्र में भी शिक्षा का अभाव है। आज भी संभल में Education के अच्छे Institute नहीं हैं। विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए सदियों पुरानी मांग संभल के लिए एक यूनिवर्सिटी की घोषणा की जाये। संभल में आने-जाने के लिए भी साधन का बहुत अभाव है।**

एक नये जिले की आवश्यकता है। सम्भल जिले में आज भी सबसे ज्यादा टैक्स सम्भल तहसील से प्राप्त होता है। सम्भल में सभी जाति धर्म के लोग रहते हैं जिसे भी अनदेखा किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी जी से विनम्रता निवेदन करते हुए मांग की जा रही है सम्भल को अलग से फिर एक जिला घोषित किया जाये।
संभल में अधिकतम जनसंख्या अनपढ़ है। आस-पास के क्षेत्र में भी शिक्षा का अभाव है। आज भी संभल में Education के अच्छे Instituteनहीं हैं। विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए सदियों पुरानी मांग संभल के लिए एक यूनिवर्सिटी की घोषणा की जाये। संभल में आने-जाने के लिए भी साधन का बहुत अभाव है। संभल की जरुरत है कि दिल्ली से ट्रेन चलकर संभल से गुजरते हुए लखनऊ पहुंचे।
कहा गया कि प्रत्येक भारतीय नागरिक को बराबर का सम्मान दिया जाये यही देश की आजादी के सिपाहियों का सपना था इस अवसर पर मास्टर जफर साहब, अदनान जफर, डॉ० इरफान, आरिफ, जुबैर, अहमद रजा, सलमान सिद्दीकी, मुबारक अली, भोला, विक्की आदि लोग उपस्थित हुए।

# संभल मंडी समिति में लगे 11 कैमरे,16 जगह लगाए कूड़ेदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** संभल के नवीन मंडी समिति की दशा सुधारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर रुपरेखा बनाकर कार्य किया जा रहा है। सुरक्षा मजबूत करने के लिए 11स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए दो शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और 16 स्थानों पर कूड़ेदान लगाए गए हैं, व्यापारियों को भी कूड़ा कूड़ेदान में डालने के निर्देश दिए गए हैं। मंडी परिसर में आवासीय कॉलोनी के पास से करीब 35 डंपर कचरा हटवाया गया है। मंडी समिति परिसर से करीब 100 गोवंशीय पशुओं को नगर पालिका की टीम की मदद से पकड़वाकर गोशालाओं में भेजा गया है। मंडी में पहुंचने वाले किसानों को पानी पीने के लिए भटकना नहीं पड़े, इसके लिए पांच प्याऊ और तीन स्थानों पर वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। मंडी समिति में शैचालय बदहाल पड़े हैं। किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सहूलियत के लिए दो शौचायल स्थापित किए जाएंगे। मलिन बस्ती विकास संस्थान लखनऊ द्वारा मंडी समिति में दो सुलभ शौचालय स्थापित किए जाएंगे। मंडी सचिव संजीव कुमार ने बताया कि मंडी में सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सफाई व्यवस्था व अन्य सुविधाएं संवारने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

# चंदौसी में गूंजा हर-हर महादेव, बाबा महाकाल की शाही सवारी में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सावन के तृतीय सोमवार पर निकली बाबा महाकाल की भव्य पालकी, जगह-जगह हुआ स्वागत और आरती**

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** सावन के तृतीय सोमवार के अवसर पर सोमवार को श्री महाकाल सेवा समिति चंदौसी की ओर से भोले की नगरी चंदौसी में बाबा महाकाल की भव्य शाही सवारी निकाली गई। शाही सवारी में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। पूरे यात्रा मार्ग पर हर-हर महादेव और जय महाकाल के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं में बाबा महाकाल की पालकी के दर्शन और पूजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। शाही सवारी का शुभारंभ नगर के प्रमुख समाजसेवी अंशुल गुप्ता टनाटन एवं राहुल गुप्ता टनाटन ने बाबा महाकाल की आरती कर किया। आरती के बाद विधिवत पूजा-अर्चना के साथ बाबा महाकाल की पालकी यात्रा प्रारंभ हुई। पालकी के आगे श्रद्धालु भक्ति भाव में जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जबकि पीछे बड़ी संख्या में शिवभक्त यात्रा में शामिल रहे।









इस अवसर पर राहुल गुप्ता टनाटन ने कहा कि सावन के तृतीय सोमवार पर समिति की ओर से बाबा महाकाल की पालकी निकाले जाने से समस्त शिवभक्तों में उत्साह और उमंग की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से वातावरण भक्तिमय हो गया है और इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में श्रद्धा, आस्था और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।
आयोजक मनोज कुमार छुट्टन ने बताया कि बाबा महाकाल की शाही सवारी मूंछों वाले शिव मंदिर से प्रारंभ होकर गणेश मंदिर, बड़ा बाजार, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार और कैथल गेट होते हुए पुनः मूंछों वाले शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा महाकाल की पालकी का स्वागत किया गया और आरती कर पूजा-अर्चना की गई। शाही सवारी में शामिल श्रद्धालु पूरे रास्ते भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर बाबा महाकाल की पालकी का स्वागत किया। इससे नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। इस मौके पर समाजसेवी प्रिया गुप्ता टनाटन, मोनिका गुप्ता टनाटन, अंकित जैन, प्रमोद गांधी, हीरालाल, सौम्य अग्रवाल, विपिन बालाजी, रॉकी वाल्मीकि, निशांत वार्ष्णेय, एडवोकेट लवित वार्ष्णेय, दीपेश सेठ, मयंक वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नाग पंचमी पर गूंजे नाग देवता के जयकारे, श्रद्धालुओं ने दूध चढ़ाकर की पूजा-अर्चना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नाग पंचमी के पर्व पर सोमवार को नगर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ नाग देवता की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने नाग देवता को दूध चढ़ाकर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में भी विधि-विधान से पूजा की। कई लोगों ने नाग देवता की प्रतिमा और चित्र पर दूध, जल, पुष्प एवं प्रसाद अर्पित किया। मंदिरों में पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने नाग देवता के जयकारे लगाए। महिलाओं ने परिवार की सुख-शांति और संतान की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।



पर्व को लेकर सुबह से ही बाजारों में भी चहल-पहल रही। पूजा सामग्री, दूध, फूल और प्रसाद की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। धार्मिक मान्यता के अनुसार नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा करने से परिवार पर उनकी कृपा बनी रहती है और सुख-समृद्धि आती है। आस्था और श्रद्धा के साथ लोगों ने पर्व मनाया।

# मैक्स और वाईक की टक्कर में युवक अवधेश की मौत हुई!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गवाँ (लल्ला सलमानी)** सम्भल रोड पर आज दोपहर लगभग 03 बजे ग्राम उधरनपुर खागी थाना रजपुरा के पास मैक्स और बाईक में आमने सामने की टक्कर हो गई, बाईक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक अवधेश आयु 22 वर्ष पुत्र सुरेन्द्र सिंह जाटव निवासी ग्राम भैसरोली थाना रजपुरा जिला सम्भल आज किसी काम से अपनी बहिन के पास सिंघौला जा रहा था



जैसे ही उधरनपुर खागी गाँव के पास पहुंचा तो सम्भल की की तरफ से मैक्स गाड़ी आ रही थी। आमने सामने की टक्कर हो गई, टक्कर इतनी भयंकर थी कि मैक्स गाड़ी मृतक युवक अवधेश को लगभग 15 मीटर खींच कर ले गयी, ड्राइवर ने गाड़ी रोककर उसे निकाला और गाड़ी भगाकर ले गया, गांव वालों ने गाड़ी को आधा किलोमीटर जाकर पकड़ा। सूचना पर पुलिस चौकी इंचार्ज गवाँ पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुँच गये। गाड़ी और ड्राइवर को पुलिस को सौंप दिया।घर वाले मौक पर पहुँच गए। अवधेश की मौत की खबर से परिवार में मातम पसर गया। पत्नी नीतू का बहुत बुरा हाल हो गया बेशुद हो गई। लगभग 08 महिने पहले अवधेश की नीतू के साथ शादी हुई थी। रजपुरा थाना पुलिस ने लाश का पंचनामा भर कर पीएम को भेज दिया।

**मारपीट** दोनों पक्षों के कई लोग घायल, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

# छत से पानी गिरने को लेकर दो पक्ष भिड़े,जमकर हुई मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर के मौलागढ़ ग्राम में सोमवार सुबह छत से पानी गिरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डायल 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर कुछ घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।
मौलागढ़ निवासी जयप्रकाश की पत्नी रेखा ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे





बारिश के कारण उनकी छत पर पानी भर गया था। उनकी बेटी खुशबू छत से पानी बाहर निकाल रही थी। आरोप है कि पानी पड़ोस में रहने वाले रामभरोसे के घर की ओर चला गया। इसी बात को लेकर पड़ोसी पक्ष से विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि रामभरोसे, उनके बेटे भोला और भूरा तथा परिवार की सुमित और हेमलता ने उनके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में खुशबू समेत परिवार के अन्य लोग घायल हो गए।
वहीं दूसरे पक्ष के रामभरोसे ने आरोप लगाया कि पिछले करीब छह माह से जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। इस मामले में मुकदमा भी दर्ज है। आरोप लगाया कि इसी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के लोग आए दिन झगड़ा करते हैं। मारपीट में रामभरोसे के परिवार के रामवीर, उसकी पत्नी सुनीता, अजय और उसकी पत्नी हेमलता भी घायल हुई हैं।
विवाद के दौरान मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के घायलों को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय भिजवाया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए कुछ घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अमृत 2.0 के तहत पेयजल पुनर्गठन योजना का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बुलन्दशहर की पेयजल पुनर्गठन योजना (जोन-2) के तहत जल निगम नगरीय द्वारा प्रस्तावित कार्यों का जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने आवास विकास प्रथम में महिला थाना के समीप प्रस्तावित 2300 किलोलीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक, पंप हाउस एवं अन्य निर्माण कार्यों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए भूमि का चिन्हांकन पूर्ण कर लिया गया है तथा सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। योजना के निर्माण कार्य की कुल लागत 1988.42 लाख रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।



इस पेयजल पुनर्गठन योजना के संचालित होने से शांति निकेतन, आवास विकास प्रथम एवं देवीपुरा क्षेत्र के लोगों को पेयजल सुविधा का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को योजना के कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र शुरू कराने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन नीतीश कुमार, एई जल निगम प्रवीण कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद आंवला के प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह के बाद नगर पालिका अध्यक्ष सय्यद आबिद अली ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा निकाली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आंवला (यूसुफ सैफी)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद आंवला के प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह के बाद सय्यद आबिद अली अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आंवला द्वारा हरी झंडी दिखाकर हजारों की संख्या में उपस्थित स्वतंत्रता बाइक रैली को रवानगी दी। जो आंवला शहर के मुख्य चौराहों और मार्गों से होते हुए वापस नगर पालिका परिषद आंवला में जाकर संपन्न हुई। आंवला के मुख्य विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया जिसमें मोहल्ला अनुपुरा में अफसर खान व उनके साथियों द्वारा और मदरसा तहसीनिया के मुशाहिद खान व उनके छात्रों द्वारा, बारह भुर्जी मस्जिद पर अमन हॉस्पिटल के डॉ अमानत अली व उनके साथियों द्वारा, सरकारी अस्पताल तिराहे पर मोहम्मद ताज व उनके साथियों द्वारा, मोहल्ला बजरिया में अमन हाउस की ओर से, फूटा दरवाजा मस्जिद पर माली नत्थू भाई व सदाकत खान और उनके साथियों द्वारा, आसिफ रजा ठेकेदार, जैद रजा व अख्तर रजा द्वारा, काली मंदिर पर व पुलिस चौकी पर व स्टेट बैंक तिराहे पर विभिन्न गणमान्यों ने फूल मालाओं से स्वागत किया, मोहल्ला खेड़ा चौराहे पर सीरत कमेटी के पदाधिकारी व अजीजुर्रहमान, सय्यद जावेद अली, लियाकत सभासद व उनके साथियों द्वारा, मोहल्ला लठैता में पूर्व सभासद नवीन सिंह व सभासद प्रवीण सिंह उर्फ बिल्लू व उनके साथियों ने फूल मालाओं व जलपान के साथ रैली का भव्य स्वागत किया। सपा प्रवक्ता डॉ राकेश प्रजापति ने राम लीला गेट पर, सभासद राजू प्रजापति भुर्जी टोला में अंकित, स्वराज आदि ने स्टेट बैंक पर नामित सभासद रजत भारती ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया। तिरंगा यात्रा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सय्यद आबिद अली के साथ नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी मुख्य भूमिका में नजर आए।अरविंद पेंटर, दयाराम मौर्य, असगर अली, प्रशांत शर्मा, मोइन खान, जितेंद्र शर्मा, शुभम सक्सेना, विनीत राठौर, पप्पू प्रधान, डॉ संजय सक्सेना, आदिल शेख, सय्यद आकिल अली, नगर पालिका के कर्मचारी इत्यादि लोग व शहर के तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे।



# मोहम्मदपुर खुर्द-2 गौशाला का निरीक्षण,155 गोवंश संरक्षित मिले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सोमवार, 17 अगस्त को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा तहसील डिबाई स्थित गौशाला मोहम्मदपुर खुर्द-2 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 155 गोवंश संरक्षित पाए गए।



निरीक्षण में गौशाला में करीब 35 कुंतल भूसा स्टॉक में उपलब्ध मिला। इसके साथ ही गोवंशों को प्रतिदिन 35 से 40 किलोग्राम हरा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर किसी भी गोवंश के बीमार होने की स्थिति नहीं पाई गई।



मोहम्मदपुर खुर्द-2 गौशाला का संचालन सक्षम फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने मौके पर मौजूद केयरटेकर को गौशाला में सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर उन्हें कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही गौशाला परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने गौवंशों के रखरखाव, चारे की उपलब्धता और स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# गोवंश के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप, हल्का उपनिरीक्षक और बीट आरक्षी निलंबित, चोला थाना प्रभारी लाइन हाजिर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** चोला थाना क्षेत्र के गांव सब्दलपुर में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले में चार नामजद आरोपियों समेत चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। मामले में पुलिस स्तर पर प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई की है। हल्का उपनिरीक्षक राहुल कुमार और बीट आरक्षी धर्मेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, चोला थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए और जांच शुरू की गई। चार आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि चार

**पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। मामले में पुलिस स्तर पर प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई की है।**

अज्ञात लोगों को भी मुकदमे में शामिल किया गया है। पुलिस टीमों को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में शामिल सभी लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सावन के तीसरे सोमवार को कांवड़ियों पर हुई पुष्पवर्षा , प्रशासनिक अधिकारियों ने किया भव्य स्वागत हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा बरेली शहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (यूसुफ सैफी)।** सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर सोमवार को बरेली में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। पिछले वर्ष की परंपरा को जारी रखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रमुख कांवड़ मार्गों पर पहुंचकर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। मंडलायुक्त शंभू कुमार, डीआईजी अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम इशिता किशोर, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा समेत अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे ।



अधिकारियों ने शहर के सप्तनाथ मंदिरों, बदायूं रोड स्थित कांवड़ मार्ग समेत प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर हरिद्वार कछला और अन्य गंगाघाटों से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की प्रशासन की ओर से हुए इस स्वागत से कांवड़ियों में उत्साह नजर आया। मार्गों पर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया गौशाला कौन्दू का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकन्द्राबाद।** मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने विकास खण्ड सिकन्द्राबाद स्थित वृहद गौशाला, कौन्दू का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला परिसर में साफ-सफाई, जल निकासी तथा गोवंश के लिए उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला परिसर में कई स्थानों पर जलभराव पाया गया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए गौशाला परिसर को शीघ्र जलभराव से मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि गोवंश को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही शेड्स के मध्य आवागमन में सुविधा के लिए आवागमन मार्ग तैयार कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने तथा नियमित रूप से निगरानी करने पर विशेष जोर दिया।







मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला में गोवंश की देखभाल एवं मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार तत्काल सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि गौशाला की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुचारु बनाए रखते हुए गोवंश के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित किया जाए।


# गौशालाओं की व्यवस्थाओं पर प्रशासन की नजर, नोडल अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले की सभी गौशालाओं का नोडल अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। बारिश के मौसम को देखते हुए अधिकारियों ने गोवंशों की सुरक्षा और गौशालाओं में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान गोवंशों को बारिश से बचाने के इंतजाम, गौशालाओं में जलभराव की स्थिति, स्वच्छ पेयजल, हरे चारे और भूसे की उपलब्धता का स्थलीय सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने मौके पर व्यवस्थाओं की स्थिति देखी और आवश्यक सुधार के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए।







**सीसीटीवी से होगी गौशालाओं की निगरानी**

गौशालाओं की निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी सचिवों को निर्देशित किया गया कि गौशालाओं में लगे सीसीटीवी कैमरों को तत्काल क्रियाशील कराकर जनपद के कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए।

इससे गौशालाओं की व्यवस्थाओं पर नियमित निगरानी रखी जा सकेगी। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों का तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश भी दिए गए।

साथ ही नोडल अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने को कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि गोवंशों की सुरक्षा, चारा-पानी और साफ- सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बिना परमिशन आम की लकड़ी काटकर सप्लाई,वन विभाग ने पकड़ा ट्रैक्टर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव मामन में बिना अनुमति आम के पेड़ की लकड़ी काटकर सप्लाई किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए आम की लकड़ी से लदे ट्रैक्टर को पकड़ लिया।




वन विभाग के डिप्टी रेंजर सुभाष चंद्र ने ट्रैक्टर सहित सलीम खान को पकड़ा। जांच के दौरान लकड़ी के परिवहन के लिए आवश्यक अनुमति नहीं होने की बात सामने आई। इसके बाद वन विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 40 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया।

वन विभाग की कार्रवाई के बाद अवैध रूप से पेड़ों की कटाई और लकड़ी की सप्लाई करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग द्वारा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नाग पंचमी पर श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नाग पंचमी के त्योहार पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। नगर की प्राचीन झड़ीपत मंदिर में पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही।

घरों में महिलाओं ने नाग पूजा कर बच्चों और बड़ों को नाग देवता के प्रकोप से बचने की आराधना की। लोगों ने नाग दर्शन कर उन्हें दूध पिलाया। लोगों ने गली मोहल्ले में निकले सपेरो को बुलाकर नाग नागिन को दूध पिलाकर पूजा की और दान दक्षिणा भी दी। महंत कुणाल जोशी ने बताया कि नाग पंचमी पर प्रमुख नाग मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन पूजा करते हैं। नाग पंचमी पर नागों की पूजा कर आध्यात्मिक शक्ति और धन मिलता है।

# शिकारपुर में पंजाबी डेयरी पर खाद्य विभाग की छापेमारी, 700 किलो पनीर मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य विभाग की टीम ने रविवार को शिकारपुर स्थित पंजाबी डेयरी पर छापेमारी की। बड़ी मात्रा में पनीर के भंडारण की सूचना पर पहुंची टीम ने डेयरी परिसर की जांच की। कार्रवाई के दौरान करीब 700 किलो पनीर का भंडारण मिला।

खाद्य विभाग की टीम ने पनीर के विभिन्न नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद ही पनीर की गुणवत्ता और उसमें मिलावट की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कार्रवाई के दौरान डेयरी संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

खाद्य अधिकारी अनिल कुमार राय ने बताया कि खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। यदि जांच रिपोर्ट में पनीर में मिलावट या स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रसायनों की पुष्टि होती है तो संबंधित डेयरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि हानिकारक रसायन पाए जाने पर पनीर को जब्त कर नष्ट कराया जा सकता है।

दोषी पाए जाने पर डेयरी का लाइसेंस एवं पंजीकरण निलंबित किया जा सकता है। वहीं, रसायनों के इस्तेमाल की पुष्टि होने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।

खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मामले में आगे की कार्रवाई प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# डिबाई में काउंसलिंग से दो दंपतियों में सुलह,साथ रहने पर बनी सहमति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** महिला सैल एवं परिवार परामर्श केंद्र डिबाई में पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए चल रही काउंसलिंग के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सोमवार को पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद से जुड़े दो मामलों में दोनों पक्षों को केंद्र पर बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं।

काउंसलरों ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपसी समझ और सहमति से दोनों दंपतियों के बीच सुलह-समझौता कराया। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को विश्वास दिलाया कि वे बीती बातों को भूलकर नवजीवन की नई शुरूआत करेंगे और आपसी प्रेम एवं विश्वास के साथ अपना वैवाहिक जीवन बिताएंगे।

महिला सैल प्रभारी एवं काउंसलरों ने दोनों दंपतियों को नए जीवन की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें समझाया गया कि पुराने विवादों को लेकर दोबारा झगड़ा न करें और आपसी प्रेम व विश्वास के साथ परिवार में खुशहाली बनाए रखें।





## प्रदर्शन — अमन ने जिले में द्वितीय तथा खुश्बू ने तृतीय स्थान पाया

# हिंदुस्तान ओलंपियाड में नेशन पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद ।** नेशन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हिंदुस्तान ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र अमन ने जिला स्तर पर द्वितीय तथा खुश्बू ने जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

विद्यालय में सोमवार को विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में अमन को इक्कीस सौ रुपए और खुश्बू को ग्यारह सौ रुपए की सम्मान राशि के साथ प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 115 बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेताओं को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते प्रधानाचार्या प्रिया अग्रवाल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभागी विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तार्किक सोच निर्णय क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करती हैं। विद्यालय परिवार इसी सोच के चलते विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक और प्रतियोगी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।







उप प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार जोशी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और कहा कि अमन और खुश्बू की सफलता उनके निरंतर परिश्रम लगन और शिक्षकों के मार्ग दर्शन का परिणाम है।

विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने इस शानदार प्रदर्शन को स्कूल की शैक्षणिक उपलब्धियों में एक और गौरव पूर्ण अध्याय जुडना करार दिया है।

# चिकित्सा उपकरणों को चैक करने गए सीएमओ द्वारा अपना ब्लड चैक कराने पर शुगर निकली कम,अस्पताल में मची हलचल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (यूसुफ सैफी)।** जिला अस्पताल में उस समय अचानक हलचल मच गई, जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ एंबुलेंस में लगे चिकित्सा उपकरणों का निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान अचानक उन्होंने अपना ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल भी जांच कराने का फैसला किया। शुगर की पहली जांच में रीडिंग 48 आते ही मौके पर मौजूद कर्मचारियों और डॉक्टरों में चिंता बढ़ गई।

**एंबुलेंस की जांच के बीच सीएमओ की शुगर ने बढ़ाई चिंता**

जानकारी के मुताबिक उटड जिला अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों और उनकी स्थिति का जायजा ले रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अचानक अपना बीपी और ब्लड शुगर चेक कराने को कहा। जांच शुरू हुई तो मशीन पर शुगर की रीडिंग 48 दिखाई दी। इतनी कम रीडिंग सामने आते ही आसपास मौजूद लोगों का ध्यान CMO की तबीयत की ओर चला गया। 48 की रीडिंग ने पैदा किया मशीन खराब होने का शक पहली जांच में शुगर 48 आने के बाद मौके पर मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए असमंजस की स्थिति रही। तत्काल यह भी आशंका जताई गई कि कहीं शुगर जांच करने वाली मशीन की रीडिंग में तकनीकी गड़बड़ी तो नहीं है। स्थिति स्पष्ट करने के लिए उटड की दोबारा जांच कराने का फैसला किया गया। दूसरी बार जांच में भी शुगर 57, चिंता और बढ़ी जब दूसरी बार उटड का ब्लड शुगर चेक किया गया तो मशीन पर रीडिंग 57 आई। दूसरी जांच में भी सामान्य से कम रीडिंग आने के बाद मौके पर मौजूद डॉक्टर और कर्मचारी सतर्क हो गए। इसके बाद एहतियात के तौर पर CMO को आराम कराने का फैसला लिया गया। डॉक्टरों ने सीएमओ को प्राइवेट रूम में बैठाया। शुगर की लगातार कम रीडिंग आने के बाद अस्पताल के कर्मचारियों और डॉक्टरों ने उटड को जिला अस्पताल स्थित कार्यालय के प्राइवेट रूम में ले जाकर बैठाया। इस दौरान डॉक्टरों और कर्मचारियों की निगाहें सीएमओ की तबीयत पर बनी रहीं। हालांकि, कुछ देर बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई गई।

**CMO को प्राइवेट रूम ले जाते ही अस्पताल में चर्चाएं तेज**

CMO को कर्मचारियों और डॉक्टरों के साथ प्राइवेट रूम की ओर जाते देखकर जिला अस्पताल परिसर में अचानक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

# सर्वोदय इंटर कॉलेज के दो छात्रों का राज्य स्तरीय हैंडबॉल टीम में चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** सर्वोदय इंटर कॉलेज, पिलखुवा के दो प्रतिभावान छात्रों ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। विद्यालय में आयोजित जनपदीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर हापुड़ जनपद की टीम गठित की गई। चयनित टीम ने बागपत में आयोजित मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

मंडलीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर सर्वोदय इंटर कॉलेज के दो खिलाड़ियों दक्ष यू-14 आयु वर्ग और दीप चौधरी यू-17 आयु वर्ग का चयन राज्य स्तरीय हैंडबॉल टीम के लिए किया गया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 25



अगस्त तक वाराणसी में किया जाएगा।

इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत और लगन से विद्यालय को गौरव मिला है। खिलाड़ियों की सफलता में शारीरिक शिक्षक रोहित चौधरी एवं अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन की भी सराहना की गई।

# मनोज बालियान ने संभाली पिलखुवा कोतवाली की कमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर जनपद हापुड़ में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में तबादले किए गए हैं। इसके तहत पांच निरीक्षकों और 19 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसी क्रम में पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान का स्थानांतरण थाना हाफिजपुर किया गया है। उनके स्थान पर पुलिस अधीक्षक के पीआरओ मनोज बालियान को पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोतवाली परिसर में अतुल चौहान की विदाई की गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। अतुल चौहान ने भी अधीनस्थ पुलिसकर्मियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए आभार





जताया। वहीं, नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने, फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने तथा पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

**फूलों का गुलदस्ता भेंट कर नवनियुक्त कोतवाल को दी शुभकामनायें**

हापुड़ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर जनपद हापुड़ में पांच निरीक्षकों और 19 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसी क्रम में पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान का स्थानांतरण थाना हाफिजपुर किया गया है। उनके स्थान पर पुलिस अधीक्षक के पीआरओ मनोज बालियान को पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अतुल चौहान के स्थानांतरण पर कोतवाली परिसर में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिसकर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। वहीं, मनोज बालियान ने पिलखुवा कोतवाली पहुंचकर कार्यभार संभाला। नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता और तत्परता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

## 23 अगस्त को धौलाना में निकलेगी भगवा बाइक रैली, बनाई रणनीति

**पिलखुवा (बुलन्द संदेश ब्यूरो)।** अखंड भारत संघर्ष समिति के नेतृत्व में 23 अगस्त, रविवार को धौलाना में अखंड भारत संकल्प यात्रा के तहत भगवा बाइक रैली आयोजित की जाएगी। रैली को लेकर धौलाना खंड में बैठक कर कार्यकर्ताओं ने आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने पर मंथन किया। बैठक में रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां तय की गईं। धौलाना खंड की बैठक में अध्यक्ष पवन राणा, महामंत्री अरुण तोमर, जीतन, सुमित पंवार, भगत सिंह प्रधानाचार्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चरक जयंती पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, श्लोक वाचन व भित्ति पत्र प्रतियोगिता हुई आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** जीएस विश्वविद्यालय के अंतर्गत जीएस आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में संस्कृत क्लब की ओर से चरक जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संस्कृत क्लब की अध्यक्ष डॉ. भावना सिंह और उपप्राचार्य डॉ. जीना पटनायक ने दीप प्रज्वलन तथा चरक



वंदना के साथ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. भावना सिंह ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की समग्र दृष्टि प्रदान करता है। चरक जयंती के माध्यम से विद्यार्थियों को आयुर्वेद के सिद्धांतों और इसकी गौरवशाली परंपरा से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान श्लोक वाचन प्रतियोगिता में वंशिका शर्मा ने प्रथम, अल्फरीन ने द्वितीय और अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भित्ति पत्र प्रतियोगिता में काजल व खुशी प्रथम, अंशिका व सिमरन द्वितीय तथा रोहिनी तृतीय रहीं। निर्णायक की भूमिका डॉ. पंकज तनेजा व डॉ. घनश्याम वत्स ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति व कोमल ने किया। इस अवसर पर डॉ. ऊषा सिंह, डॉ. मधु भारद्वाज, डॉ. राहुल, डॉ. मोहित सहित संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सावन का तीसरा सोमवार: शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** सावन के तीसरे सोमवार को शहर के सभी मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं

- मंदिर परिसरों में गूंजे भोले बाबा के जयकारों से
- मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कराकर,चूना डलवाया
- श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया

की भारी भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के



बाद भोले बाबा के नाम के जयकारे लगाये। जिससे मंदिर परिसर जयकारों से गूंजने लगे। सोमवार को महिला,पुरूषों व छोटे छोटे बच्चों ने भी व्रत रखकर भोले बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को ग्राम सबली स्थित प्राचीन शिव मंदिर, छपकौली स्थित शिव मंदिर, स्वर्ग आश्रम रोड स्थित चौराखी मंदिर, शीतला माता मंदिर, बराही मोहल्ला स्थित शिव मंदिर,चंडी रोड स्थित शिव मंदिर,बुलन्दशहर रोड स्थित मंशा देवी मंदिर,माहेश्वरी मंदिर सहित जनपद के अन्य मंदिरों में सोमवार की तड़के से दोपहर तक शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए महिला व पुरूषों के साथ साथ बच्चों की भी भीड़ लगी रही। बच्चों व महिलाओं द्वारा मंदिर परिसर में भोले शंकर के जयकारे लगाने के वहां वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधक कमेटी ने व्यापक प्रबंध किये थे। जिससे श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मंदिरों की श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया। वहीं दूसरी ओर जनपद में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने खीर व हलवे का प्रसाद भी वितरित करने के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सावन के तीसरे सोमवार के मौके पर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सभी मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कर चूने का छिड़काव किया। नगर पालिका परिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक आवेश कुमार ने बताया कि सफाई नायकों ने अपनी मौजूदगी में मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कराकर कली का डलवाई। सफाई नायकों को निर्देशित किया गया है,कि शहर में सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रहनी चाहिए।

# सीएम योगी ने कोटेदारों को दिया बड़ा तोहफा, कोटेदोरों का लाभांश बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंटल किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मुख्यमंत्री जी द्वारा उचित दर विक्रेताओं के लाभांश वृद्धि कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद की तीनों तहसील हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर व धौलाना में देखा व सुना गया। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार,लखनऊ से प्रदेश के

**जिले की तीनों तहसील में लाभांश वृद्धि कार्यक्रम का संजीव प्रसारण देखा व सुना**

78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं के लाभांश को रू.90 प्रति कुंतल से बढ़ाकर रू.125 प्रति कुंतल किए जाने की घोषणा की गई। साथ ही ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता कमीशन प्रणाली का शुभारंभ किया गया।

जनपद में कार्यक्रम का विधानसभा वार आयोजन किया गया। गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक हरेंद्र तेवतिया व जिलाधिकारी कविता मीना व उप जिलाधिकारी श्रीराम यादव,गढ़मुक्तेश्वर व खण्ड विकास अधिकारी गढ़मुक्तेश्वर तथा पूर्ति निरीक्षक, गढ़मुक्तेश्वर उपस्थित रहे। हापुड़ विधानसभा का कार्यक्रम का आयोजन





कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया गया, जिसमें सदर विधायक विजयपाल आढ़ती व नगर पंचायत बाबूगढ़ के अध्यक्षपति राजीव व मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा व डॉ. सीमा,जिला पूर्ति अधिकारी, हापुड़ व पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे। धौलाना विधानसभा में तहसील धौलाना के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें ब्लॉक प्रमुख शिशोदिया व उपजिलाधिकारी धौलाना व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक धौलाना उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं उचित दर विक्रेताओं द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा लाभांश में वृद्धि की घोषणा का स्वागत किया गया। लाभांश में वृद्धि से उचित दर विक्रेताओं को आर्थिक रूप से लाभान्वित करने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, डिजिटल एवं सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।

# शादी के दो दिन बाद दुल्हन जेवरात लेकर फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,सिंभावली।** जनपद के थाना सिम्भावली क्षेत्र के लिसड़ी उर्फ भगवतीपुर गांव में शादी के दो दिन बाद ही दुल्हन सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गई। पीड़ित पति ने पंडित,दुल्हन और उसके परिजनों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को पीड़ित विनोद कुमार ने बताया कि करीब तीन माह पहले शादी के लिए उसने हल्द्वानी के एक पंडित राकेश शास्त्री से संपर्क किया था। पंडित ने कहा कि लड़की गरीब परिवार से है, उसके माता-पिता को कुछ धनराशि देनी होगी और शादी मंदिर में होगी। शर्तों पर सहमत होकर 14 अगस्त

**पीड़ित पति ने पंडित, दुल्हन व उसके परिजनों के खिलाफ थाने में दी तहरीर**

को विनोद अपनी मां जयवीरी,भाई मनोज और अन्य परिजनों के साथ रामपुर स्थित शिव मंदिर पहुंचा। वहां पंडित ने संकल्प कराकर युवती सीमा से उसकी शादी कराई। शादी के बाद युवती की मां को एक लाख रुपये दिए गए और पंडित को 2100 रुपये दक्षिणा दी गई।

शादी के बाद विनोद दुल्हन को घर ले आया और उसे एक जोड़ी पायल, कान की बालियां, चांदी का हार और सोने का मंगलसूत्र पहनाया। आरोप है कि 15 अगस्त की रात करीब दो बजे पत्नी सभी जेवर लेकर घर से फरार हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने पंडित राकेश शास्त्री, दुल्हन सीमा और उसके स्वजन के खिलाफ धोखाधड़ी की तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## एनसीसी कैडेट्स को टीबी के प्रति किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,सिंभावली।** भारत सरकार द्वारा संचालित टी0बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज जनपद के सिंभावली स्थित आर.एस.के. इंटर कॉलेज में एन0सी0सी कैडेटों के लिए टी0बी जागरूकता कार्यक्रम का



आयोजन जिला टी0बी अधिकारी डॉ. राजेश सिंह की अगुवाई में किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेटों को टी0बी बीमारी के लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

# ट्यूबवेल पर पानी पीते समय करंट लगने से अधिवक्ता की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गत रविवार को धान के खेत में निराई करने गए अधिवक्ता की टयूवैल पर

**परिजनों ने ट्यूबवेल मालिक,बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पर दर्ज कराई एफआईआर**

पानी पीते समय करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने ट्यूबवेल संचालक और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जसरूपनगर निवासी प्रमोद कुमार हापुड़ जिला एवं सत्र न्यायालय में वकालत करते थे। उनके भतीजे किशोर कुमार ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे प्रमोद कुमार अपनी पत्नी सुनीता और बेटी खुशबू के साथ दादरी गांव स्थित खेत में धान की फसल से खरपतवार निकालने गए थे। उन्होंने बताया कि दोपहर के समय प्रमोद कुमार पास के खेत में स्थित गुड्डू पुत्र पाली के ट्यूबवेल पर पानी पीने गए। पानी पीते समय वह अचानक करंट की चपेट में आ गए। पत्नी सुनीता ने



लकड़ी के सहारे उन्हें करंट से अलग किया। इसके बाद बेटी खुशबू मदद लेकर आई और परिजनों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने मौके पर ट्रांसफार्मर से बिना खंभे के अवैध रूप से तार जोड़े जाने की बात कही। भतीजे किशोर कुमार की तहरीर पर पुलिस ने ट्यूबवेल मालिक गुड्डू और बिजली विभाग के जेई, लाइनमैन समेत अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही और मिलीभगत का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस** | जनता की शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निस्तारण:डीएम

# डीएम,सीडीओ व एसडीएम ने 15 फरियादियों को दिलाया न्याय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़,धौलाना।** जनपद की तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी कविता मीना के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,मुख्य विकास अधिकारी व उप

- सम्पूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर से की जा रही है,समीक्षा
- डीएम ने 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई
- पीडितों की सुनवाई थाना स्तर पर प्राथमिकता से न्याय दिलाये:एसपी

जिलाधिकारी ने शिकायतें सुनकर मौके पर 15 फरियादियों को न्याय दिलाया। शेष का शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण करके शिकायतकर्ता को अवगत कराने के अधिकारियों को निर्देशित किया।

सोमवार को हापुड़ में नगर पालिका परिषद सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा की अध्यक्षता में





आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने मौके पर ही 6 लोगों को न्याय दिलाया।

गढ़मुक्तेश्वर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने मौके पर 6 फरियादियों को न्याय दिलाया। धौलाना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी कल्पना चौहान की अध्यक्षता में किया। उन्होंने मौके पर 3 लोगों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी शिकायतें अवैध कब्जा हटवाने,सरकारी चकरोड़ से अवैध कब्जा हटवाने,रास्ता खुलवाने,सड़क निर्माण की जांच कराने,मुकदमा दर्ज कराने आदि की आई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें से अधिकारियों ने 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एएसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह,सीएमओ डा.किशोर कुमार आहुजा, पीडी अनवर शेख,सदर प्रेमपाल, श्रीराम यादव, डीआईओएस डा.श्वेता पूठिया,बीएसए दीपा भाटी सहित सहित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

**शिकायतों को प्राथमिकता से करें निस्तारण**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी कविता मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया,कि शेष शिकायतों को प्राथमिकता से समय सीमा में निस्तारण करने के साथ शिकायतकर्ता को अवगत कराये। सम्पूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर से भी समीक्षा की जा रही है।

**डीएम ने गोद भराई कर,गर्भवती महिलाओं में पोषण किट वितरित की**

सम्पूर्ण समाधान से पूर्व जिलाधिकारी कविता मीना ने तहसील परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसमें डीएम ने पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म विधि विधान से संपन्न कराई। साथ ही महिलाओं को फल,सूखे मेवे,हरी सब्जियां एवं पोषण किट प्रदान की।

**पीड़ितों की सुनवाई थाना स्तर पर ही हो**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया,कि पीड़ितों की सुनवाई थाना स्तर ही की जाये,थाने आने वाले पीड़ित को प्राथमिकता से न्याय दिलाया जाये।

# ओटीएस योजना से बकायेदारों को मिलेगी राहत,पालिका कर्मचारी ले रहे प्रशिक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** संपत्ति कर के बकाए पर ब्याज में छूट देने के लिए लागू की जा रही वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना को लेकर नगर पालिका परिषद पिलखुवा ने तैयारी शुरू कर दी है। लखनऊ स्थित निदेशालय से योजना के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पालिका के कर अनुभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा।



प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को ओटीएस योजना की प्रक्रिया, बकायेदारों के आवेदन, संपत्ति कर की गणना तथा ब्याज में मिलने वाली छूट सहित अन्य जरूरी जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य योजना को स्थानीय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना और अधिक से अधिक बकायेदारों को इसका लाभ पहुंचाना है। योजना के लिए प्रदेश के 58 स्थानीय निकायों ने आवेदन किया है, जिसमें नगर पालिका परिषद पिलखुवा भी शामिल है। प्रथम दिन प्रशिक्षण में पिलखुवा पालिका के कर्मचारियों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। पालिका अधिकारियों का कहना है कि योजना से बकायेदारों को राहत मिलने के साथ नगर पालिका की राजस्व वसूली में भी सुधार होगा। कर्मचारियों को योजना की जानकारी देकर करदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कोटेदारों का लाभांश 90 से बढ़कर हुआ 125 रुपए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** लखनऊ के लोक भवन सभागार में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सोमवार को कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर सहित सभी तहसील मुख्यालयों पर भी सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। तहसील इगलास में विधायक राजकुमार सहयोगी, गभाना में विधायक ठा0 जयवीर सिंह, अकराबाद में विधायक ठा0 रवेन्द्र पाल सिंह, अतरौली में ब्लॉक प्रमुख केहरी सिंह, एवं खैर में जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने बटन दबाकर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं के बढ़े हुए लाभांश की धनराशि उनके खातों में भेजी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है और इस व्यवस्था को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उचित दर विक्रेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अन्तर्गत ई-पॉश आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में उचित दर विक्रेताओं के प्रति लोगों की धारणा अच्छी नहीं थी, जबकि इसमें अधिकांश मामलों में उनकी भूमिका नहीं होती थी। सरकार ने वर्ष 2017 के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए ई-पॉस मशीनों की व्यवस्था की और एफसीआई के गोदाम से उचित दर दुकानों तक सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी लागू की। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और राशन वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनी। परिणामस्वरूप उचित दर विक्रेताओं के प्रति लोगों का विश्वास और सम्मान भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा उचित दर विक्रेताओं के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उचित दर विक्रेताओं का लाभांश 90 रुपए से बढ़ाकर 125 रुपए प्रति कुंतल किया गया है। इस वृद्धि से प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं को लाभ मिलेगा तथा इसके लिए राज्य सरकार द्वारा रुपया 336 करोड़ का अतिरिक्त वार्षिक बजट उपलब्ध कराया जाएगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने बताया कि 100 कुंतल राशन वितरण पर अब उचित दर विक्रेता को रुपया 16,250 का लाभांश प्राप्त होगा। साथ ही, भारत सरकार से लाभांश में 25 रुपए प्रति कुंतल की वृद्धि के लिए भी अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उचित दर दुकानों को अब केवल राशन वितरण तक सीमित न रखकर ह्यअन्नपूर्णा भवन एवं जन पोषण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए इस वर्ष 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। अन्नपूर्णा भवनों में गोदाम की सुविधा भी विकसित की जाएगी। उचित दर विक्रेताओं को राशन के अतिरिक्त 39 मानक वस्तुओं की बिक्री की अनुमति दी गई है। नशीले पदार्थों एवं फायर सेफ्टी से संबंधित वस्तुओं को छोड़कर अनुमन्य वस्तुओं की बिक्री से उचित दर विक्रेताओं की आय में अतिरिक्त वृद्धि हो सकेगी। इससे वे राशन वितरण के बाद शेष दिनों में अन्य वस्तुओं की बिक्री कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऑनलाइन एवं डिजिटल व्यवस्था के कारण उचित दर विक्रेताओं को मैनुअल रिकॉर्ड रखने की बाध्यता से राहत मिली है। राशन कार्ड विभाजन, यूनिट स्थानांतरण, यूनिट निरस्तीकरण, राशन कार्ड स्थानांतरण एवं समर्पण जैसी विभिन्न सेवाएं भी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली के शुभारंभ से वितरण व्यवस्था में संवाद, पारदर्शिता और जवाबदेही और मजबूत होगी। सीएम ने बताया कि प्रदेश में अब तक 10 हजार राशन दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा चुका है और इस अभियान को और तेजी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न उचित दर विक्रेता संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी को लाभांश में वृद्धि एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## इगलास में सांप के काटने से बच्ची की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** इगलास अन्तर्गत गोरई थाना क्षेत्र के श्यामगढ़ी बकला गांव में सांप के डसने से बच्ची की मौत हो गई। रविवार रात खाना खाने के बाद कमरे में जाते समय सांप ने उसके पैर में डस लिया। बकला गांव निवासी हरेंद्र सिंह की 9 वर्षीय बेटी रिया कुमारी रविवार रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद सोने के लिए कमरे में जा रही थी। जैसे ही उसने कमरे का दरवाजा खोला, कोने में बैठे सांप ने उसके पैर में डस लिया। परिजन तुरंत उसे बायगीर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मायावती सरकारी अस्पताल वृंदावन रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रिया को मृत घोषित कर दिया। रिया चार भाई-बहनों में दूसरी थी। उसके तीन बहनें और एक भाई है। पिता हरेंद्र सिंह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटी की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा है।



## तहसील दिवस में 45 शिकायतें आईं, पांच का मौके पर निस्तारण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** मंगलवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के नेतृत्व में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।



कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से 21, स्वास्थ्य विभाग से एक, विकास विभाग से छह, कृषि विभाग से दो, तहसील से एक और विद्युत विभाग से सात शिकायतें शामिल रहीं। अन्य विभागों से भी शिकायतें प्राप्त हुईं। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को बार-बार अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

# संपूर्ण समाधान दिवस डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** तहसील खैर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में विभिन्न ग्रामों व मोहल्लों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से जुड़े प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में गौमत की कमलेश देवी ने बताया कि पक्की मेड़बंदी के उपरांत राजस्व निरीक्षक द्वारा लगवाए गए पत्थर के खम्भों को विपक्षियों द्वारा उखाड़कर फेंक दिया गया है। इस पर डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। खैर के जगवीर सिंह ने मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सरकारी नाली पर किए गए अवैध कब्जों को पुलिस के माध्यम से कब्जामुक्त कराने का प्रार्थना पत्र दिया ताकि नाली व नलकूप की भूमि को पुनः जीवित किया जा सके। नगला दरबर के ग्रामवासियों ने नवीन परती परती की भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।

जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिए कि उभय पक्षों को सुनकर निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। गौआश्रय स्थलों के सुव्यवस्थित ढंग से संचालन के लिए विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों को खैर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत 20 गौशालाओं को निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी खैर शिशिर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी फरियादियों की शिकायतें सुनीं और मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए।

# बेकाबू ट्रक ने दरोगा समेत तीन को रौंदा-मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सोमवार दोपहर 2 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे सब्जी खरीद रहे लोगों को कुचल दिया। हादसे में मडराक थाने के दरोगा श्रवण कुमार समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक दंपति भी शामिल है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हडकंच मच गया और पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया आज अपरान्ह 2 बजे के करीब एक ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े लोगों पर चढ़ गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है।



पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# करणी सेना ने सोनिया-राहुल-खड़गे पर राष्ट्रद्रोह की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** राष्ट्रगीत श्वंदे मातरम के कथित अपमान को लेकर सोमवार को अलीगढ़ में क्षेत्रीय करणी सेना ने जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

क्षेत्रीय करणी सेना के पदाधिकारियों ने थाना बन्नादेवी पहुंचकर क्षेत्राधिकारी द्वितीय धनंजय सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन का आरोप है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत श्वंदे मातरम के वादन को बीच में रुकवाया गया। करणी सेना का दावा है कि इस घटना से देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं और राष्ट्रगीत का अपमान हुआ है। करणी सेना ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने राष्ट्रगीत के सम्मान को लेकर नारेबाजी भी की। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुड्डन ठाकुर, भाजपा पार्षद पुष्पेंद्र जादौन, हरिकृष्ण मुरारी शर्मा, बॉली शर्मा, आशीष सिंह, अंकित भारद्वाज, तरुण कुमार, अर्जुन उपाध्याय, सुंदर राघव, शरद कुशवाहा, अमित राघव, विपुल गौर, सुनील शर्मा, बंटी ठाकुर और मुकेश गौतम समेत बड़ी संख्या में करणी सेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# भविष्य को बदलेगी एआई-आधारित रोबोटिक्स इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग और एप्लीकेशन विभाग द्वारा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के सहयोग से एआई आधारित रोबोटिक्स पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के प्रयोगात्मक उपयोग और उभरते करियर के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।




मुख्य वक्ता थापर विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. सचिन कंसल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के मेल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, ट्रांसपोर्टेशन, एग्रीकल्चर, डिफेंस और दूसरे अहम इंडस्ट्रियल सेक्टर में इंटेलिजेंट सिस्टम और ऑटोमेशन की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को समस्या समाधान की मजबूत क्षमता, इनोवेटिव सोच और इंडस्ट्री के हिसाब से आवश्यक टेक्निकल स्किल्स विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद वसीम ने एकेडमिक लर्निंग और आज के दौर के टेक्निकल डेवलपमेंट के बीच के अंतर को कम करने में एक्सपर्ट्स के साथ बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला।

# इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल कारोबार की संभावनाओं पर वेबिनार आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर (यूआईआईसी) द्वारा उद्यमी लॉन्च पैड एमएसएमई यूपी के तहत हाउ टू स्टार्ट एन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल बिजनेस विषय पर वेबिनार आयोजित की गई। वेबिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं भावी उद्यमियों को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में कारोबार की संभावनाओं तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

सत्र में कूलर असेंबलिंग यूनिट, बैटरी स्वैपिंग स्टेशन, टेबल एवं सीलिंग फैन असेंबली बिजनेस तथा एयर एवं वाटर प्यूरीफायर रिपेयर एंड मेंटेनेंस सर्विस जैसे व्यवसायों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को कच्चे माल, मशीनरी, उपकरण, निवेश, संचालन प्रक्रिया और बाजार की संभावनाओं से अवगत कराया गया। कुमार मासूम ने उद्यमी लॉन्च पैड एमएसएमई यूपी के साथ सीएम युवा, ओडीओपी, एमएसवाई एवं वीएसएसवाई जैसी सरकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं सहयोग की जानकारी दी। तकनीकी सत्र उज्जवल कपूर ने संचालित किया और विभिन्न व्यवसायों की व्यावहारिक जानकारी साझा की। विशेषज्ञों ने प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।यूआईआईसी की मैनेजर प्रियांशी गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को उभरते व्यावसायिक अवसरों और सरकारी सहायता योजनाओं की व्यावहारिक जानकारी देना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। समन्वय यूआईआईसी के असिस्टेंट रजिस्ट्रार डा. मोहम्मद उसामा एजाज रहे। वेबिनार में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने




# इगलास में असम की अज्ञात महिला की हत्या का खुलासा, प्रेमी ने शादी को लेकर हुए विवाद में ली थी, जान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना इगलास क्षेत्र में गत 11 अगस्त को बड़ा खुर्द के जंगल में स्थित नवनिर्मित गौशाला के पास मिले अज्ञात महिला के शव की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी ने शादी को लेकर हुए विवाद के कारण हत्या की थी। जिस ईट से महिला का सिर कुचला गया था। आरोपी को राया से गिरफ्तार किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौंन अलीगढ़ ने मौके का निरीक्षण किया था और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ थाना इगलास में केस दर्ज किया था।

घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीमों ने आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली। गहन छानबीन के बाद मृतका की पहचान मोना के रूप में हुई, जो मूल रूप से असम राज्य की रहने वाली थी। विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी की पहचान विकास पुत्र निहाल सिंह निवासी ग्राम बना, थाना राया, जनपद मथुरा के रूप में की। इसके बाद संयुक्त पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी विकास को मथुरा जिले के राया थाना क्षेत्र से दबोच लिया। मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बताया कि मृतका मोना और उसके बीच लंबे समय से दोस्ती थी। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच शादी को लेकर मतभेद चल रहा था। इसी बात से नाराज होकर उसने महिला की हत्या कर दी और शव को एक सुनसान जगह पर फेंक कर फरार हो गया था। एसएसपी नीरज कुमार ने बताया कि आरोपी का मृतक महिला के साथ प्रेम संबंध था। आपस में विवाद के चलते हत्या की गई।




## परिजनों के डांटने पर युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना गांधीपार्क क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर नगर पीली कोठी स्थित एक युवक ने परिजनों के डांटने पर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बेडकर नगर पीली कोठी निवासी 19 वर्षीय सानिध्य मौर्य पुत्र कैलाश बाबू ने सोमवार की सुबह अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करली। बताते हैं कि युवक गतरात्रि दोस्तों के साथ शराब पीकर आया था। जिससे नाराज होकर डांट दिया था। जिससे कुपित होकर उसने अपने कमरे फांसी लगाकर आत्महत्या करली। परिजनों को इसी बात जानकारी सोमवार की सुबह हुई। तो उनमें हडकंप मच गया। घटना की जानकारी पर पुलिस भी पहुंच गई और शव को कब्जे लेकर अंतिम परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया है। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।



# नाग पंचमी पर शिवालयों में उमड़े भक्तों जलाभिषेक किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सावन के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी का दुर्लभ महासंयोग बना। इस अवसर पर अलीगढ़ के बाजारों और देवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा शहर शिव भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सुदामापुरी, नौरंगाबाद, सासनी गेट चौराहा, रामघाट रोड़ मीनाक्षी टॉकिज ऑवर ब्रिज के और महावीर गंज में व्यापारिक क्षेत्रों में दोपहर से ही अभूतपूर्व चहल-पहल देखी गई।



भक्त सुबह से ही महादेव और नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बाजारों में खरीदारी करने पहुंचे। सासनी गेट चौराहे पर खरीदारी कर रहे स्थानीय निवासी अनोखे लाल ने बताया कि सावन के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी के पावन पर्व पर भक्त भोलेनाथ को फूल, माला और प्रसाद अर्पित करने के साथ-साथ नाग पंचमी के पूजन के लिए मिट्टी के सकोरे भी खरीद रहे हैं।

त्योहार के कारण स्थानीय दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। बाजार में पूजा सामग्री बेचने वालों ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते दुकानदारी अच्छी चल रही है। लोग पूजा के लिए फूल, माला, बेलपत्र, धतूरा, जौ और मिट्टी के सकोरे उत्साहपूर्वक खरीद रहे हैं। रामघाट रोड़ मीनाक्षी ऑवर ब्रिज के पास पूजन सामग्री खरीदने पहुंचीं श्रद्धालु ने कहा कि नाग देव को दूध अर्पित करने के लिए सकोरे व जौ, और शिवजी के पूजन के लिए बेलपत्री-माला की खरीदारी करके वे प्रसन्न हैं। सावन मास में भोलेनाथ का जलाभिषेक और नाग पंचमी पर नाग देव की पूजा सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक ही दिन दोनों पर्वों का यह दुर्लभ संगम भक्तों के लिए दोहरा आध्यात्मिक अवसर लेकर आया।

**अनुष्ठान** | जीवनशैली में नकारात्मक प्रभाव डालता है चांडाल योग : आचार्य गौरव शास्त्री

# रुद्राभिषेक,महायज्ञ एवं विसर्जन के साथ अनुष्ठान सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में खेरेश्वर महादेव मंदिर पर चल रहे कालसर्प योग एवं पितृदोष निवारण अनुष्ठान का समापन महायज्ञ एवं विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ। त्रिदिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन के बाद महायज्ञ कर गंगा स्नान किया।

सोमवार को प्रातःमहामंडलेश्वर स्वामी श्री पूणानंदपुरी जी महाराज के मार्गदर्शन में चल रहे कालसर्प दोष एवं पितृ दोष निवारण अनुष्ठान में मुख्य आचार्य गौरव शास्त्री के आचार्यत्व में रवि शास्त्री, मधुर वेदपाठी, गौरव वेदपाठी, शिवम् व्यास, विनीत शास्त्री,द्वारा पूजा में शामिल हुए श्रद्धालुओं से विधिवत पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक करवाया और रोली चंदन आदि से श्रंगार करवाकर बिल्बपत्र, शमीपत्र, दूर्वा,धतूरा फल एवं पुष्प अर्पित किये।

आचार्य गौरव शास्त्री ने इस अवसर पे चांडाल योग के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि ज्योतिष शास्त्र में सबसे शुभ ग्रह माना जाता है,यदि बृहस्पति के साथ राहु भी स्थित हो तो बृहस्पति की सकारात्मक चीजें नष्ट हो जाती हैं और व्यक्ति के जीवन में समस्याएं और चिंताएं पैदा हो जाती हैं, ऐसे विनाशकारी योग को चांडाल योग के नाम से जाना जाता है विनाशकारी योग माना जाता है।इस योग के प्रभाव से व्यक्ति के मान सम्मान में भी कमी आती है।यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में बृहस्पति और राहु एक साथ हों तो चांडाल योग बनने से आप पर चारित्रिक दोष लग सकता है। इसके साथ ही दांपत्य जीवन में कलह उत्पन्न हो जाती है। वहीं नागपंचमी पर कालसर्प योग एवं पितृ दोष निवारण अनुष्ठान के महत्व के विषय में उन्होंने कहा कि सावन के सोमवार एवं नागपंचमी का संयोग निश्चित ही शुभ फलदाई रहेगा। पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं ने नारियल पर चाँदी एवं तांवे के सर्प जोड़े को लपेटकर वेदमंत्रो द्वारा विसर्जन किया सायंकालीन महाआरती में रजनीश वार्ष्णेय, तेजवीर सिंह,अभिषेक शर्मा, शैलेन्द्र ठाकुर, हर्ष ठाकुर, मोहित गुप्ता, राजीव गुप्ता, दीप्ती शर्मा, आकांक्षा भारद्वाज करिश्मा सिंह, देव सारस्वत, रिषभ ठाकुर, हैप्पी ठाकुर, सुमित वर्मा विनती शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहें।




# मंगलायतन विश्वविद्यालय में मनाया गया एंटी-रैगिंग सप्ताह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ फामेर्सी एवं कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा परिसर में सुरक्षित, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को रैगिंग के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय की रैगिंग के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विद्यार्थियों से आपसी सम्मान, अनुशासन एवं सहयोग की भावना के साथ रहने का आह्वान किया गया।



मुख्य प्रॉक्टर प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि रैगिंग विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय परिसर में स्वस्थ एवं सहयोगात्मक वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की रैगिंग की घटना की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की। नोडल अधिकारी प्रो. दशरथ सिंह ने विद्यार्थियों को रैगिंग की रोकथाम के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रैगिंग किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और विद्यार्थियों को बिना किसी संकोच के रैगिंग से संबंधित घटना की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को देनी चाहिए।



# ब्लैक कट-आउट ड्रेस में अवनीत कौर का बोल्ड अवतार, ग्लैमरस तस्वीरों से बढ़ाया इंटरनेट का तापमान

डिजिटल वर्ल्ड और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने फैशन सेंस से तहलका मचाने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर जब भी कोई नया लुक शेयर करती हैं, तो वह इंटरनेट पर वायरल हो जाता है। अवनीत ने एक बार फिर अपनी तस्वीरों से तहलका मचा दिया है। अवनीत कौर ने ऑल-ब्लैक टू-पीस कट-आउट ड्रेस में अपनी कुछ बेहद बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की है। तस्वीरों के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में फैंस ने रेड हार्ट और फायर इमोजी की बौछार कर दी है। हर कोई उनके इस एटीट्यूड और टोन्ड फिगर की तारीफ कर रहा है। अवनीत कौर का यह लेटेस्ट आउटफिट किसी भी नाइट-आउट या क्लब पार्टी के लिए एकदम परफेक्ट इंस्पिरेशन है। अवनीत ने प्लंजिंग नेकलाइन वाला ब्लैक स्ट्रैपी क्रॉप टॉप पहना हुआ है। इस टॉप के सेंटर में दिया गया सन-शेप या स्टार-शेप का गोल्डन मैटेलिक ब्रोच इस सिंपल ब्लैक टॉप को बेहद रॉयल और अट्रैक्टिव लुक दे रहा है। टॉप के साथ ट्यूनिंग करते हुए उन्होंने मैचिंग ब्लैक लो-वेस्ट ट्राउजर पेयर किया है। ट्राउजर के फ्रंट वेस्टबैंड पर बने कट-आउट पर भी वही गोल्डन मैटेलिक डिटेलिंग है, जो उनके एब्स और कर्वी फिगर को हाईलाइट कर रही है। अवनीत ने अपने लुक को क्लासी बनाए रखने के लिए मिनिमल लेकिन इम्पैक्टफुल स्टाइलिंग चुनी है। एक्ट्रेस ने बेस को नेचुरल और ड्यूई रखा है। हाइलाइटेड चीकबोन्स, सॉफ्ट आईशैडो और न्यूड-पिंक लिपस्टिक उनके फेशियल फीचर्स को उभार रही है। अवनीत तस्वीरों में एक से बढ़कर एक अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। फैंस को एक्ट्रेस का यह बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है।

# लोकेश कनगराज की फिल्म डीसी ने एक हफ्ते में लूट लिया बॉक्स ऑफिस, बड़ा रिकॉर्ड भी बना डाला

लोकेश कनगराज की फिल्म डीसी ने सिनेमाघरों में कहर बरपा दिया है. यहां तक कि स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे के आगे भी इसने सिनेमाघरो में हर दिन करोड़ों छापे हैं. दिलचस्प बात ये है कि इस फिल्म ने रिलीज के महज 4 दिनों में ही अपनी लागत वसूल कर ली थी और अब ये दबाकर मुनाफा बटोर रही है. वहीं इसने कमाई करते हुए सिनेमाघरो में एक हफ्ता पूरा कर लिया है और एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. चलिए यहां इसके ओपनिंग वीक का कलेक्शन जानते हैं. बता दें कि डीसी से लोकेश कनगराज ने एक्टिंग में डेब्यू किया है. फिल्म में वामिका गब्बी ने भी अहम रोल प्ले किया है. इस तमिल एक्शन थ्रिलर फिल्म को दर्शकों से



जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है. इसी के साथ इसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 4.4 करोड़ रुपये की नेट कमाई के साथ ओपनिंग की थी. फिर पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ के चलते इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड में कुल 20.95 करोड़ रुपये की नेट कमाई की। फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में अच्छी रफ्तार बनाए रखी, बस गुरुवार को थोड़ी गिरावट देखी गई. पहले गुरुवार को इसकी कमाई घटकर 3.9 करोड़ रुपये रह गई. इसी के साथ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ते के बाद फिल्म की कुल नेट कमाई 41.65 करोड़ रुपये हो गई है जबकि इसकी कुल ग्रॉस कमाई 49.14 करोड़ रुपये रही है। बता दें कि डीसी ने रिलीज के पहले वीक में 41.65 करोड़ के कुल नेट कलेक्शन के साथ एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. दरअसल लोकेश कनगराज की ये फिल्म साल 2026 में कॉलीवुड की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वीक वाली फिल्म बन गई है. यह सिफ 'जना नायकन और करुप्पु से पीछे है.

बता दें कि डीसी ने रिलीज के पहले वीक में 41.65 करोड़ के कुल नेट कलेक्शन के साथ एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. दरअसल लोकेश कनगराज की ये फिल्म साल 2026 में कॉलीवुड की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वीक वाली फिल्म बन गई है. यह सिफ 'जना नायकन और करुप्पु से पीछे है।

# शाजान पद्मसी ने अपने पहले सिंगल रातां कालियां से बतौर सिंगर किया डेब्यू

एक्टर के तौर पर लोगों का दिल जीतने के बाद, शाजान पद्मसी अब अपने पहले सिंगल के साथ एक नई म्यूजिकल जर्नी की शुरूआत कर रही हैं। शाजान पद्मसी अब अपनी आर्टिस्ट्री का एक बिल्कुल नया पहलू एक्सप्लोर करने के लिए तैयार हैं। अपने पहले सिंगल रातां कालियां के साथ वह बतौर सिंगर डेब्यू कर रही हैं। स्क्रीन पर अपनी पहचान बनाने के बाद, शजान अब माइक्रोफोन के पीछे अपनी आवाज का जादू बिखेरने जा रही हैं और यह उनकी क्रिएटिव जर्नी का एक नया चैप्टर है। म्यूजिक हमेशा से ही शाजान की जिंदगी का अहम



हिस्सा रहा है। बहुत कम उम्र में बोर्डिंग स्कूल जाने के कारण उन्होंने परिवार से जुड़े रहने के लिए लेटर्स लिखना शुरू किया। इसी दौरान उन्होंने कम उम्र में ही अपने इमोशन्स को एक्सप्रेस करना सीखा। इकलौती संतान होने की वजह से म्यूजिक भी उनके लिए एक तरह की थेरेपी बन गया।

दो मशहूर हस्तियों की बेटी होने के कारण शाजान का बचपन बेहद क्रिएटिव माहौल में बीता। उनकी मां भारत की पहली पॉप स्टार्स में से एक रही हैं। घर में अक्सर प्लेज और म्यूजिकल्स की रिहर्सल्स होती रहती थीं और एक्टर्स व सिंगर्स का आना-जाना लगा रहता था। टीनएज में शाजान की दिलचस्पी हाउस म्यूजिक में बढ़ी।

उन्होंने डाफ्ट पंक, मोड्जो और बॉब सिंक्लर जैसे आर्टिस्ट्स से इंस्पिरेशन ली। साथ ही रेडियोहेड, द कार्डिगन्स और नताली इम्ब्रूलिया जैसे आर्टिस्ट्स के जरिए अल्टरनेटिव पॉप को भी एक्सप्लोर किया।

उन्होंने हॉबी के तौर पर म्यूजिक प्रोडक्शन सीखा और खुद से पियानो बजाना भी सीखा। हालांकि, बड़ी होने के साथ उन्होंने मॉडलिंग और एक्टिंग पर फोकस करने के लिए अपने म्यूजिक पैशन को कुछ समय के लिए रोक दिया और कई पॉपुलर बॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा बनीं। म्यूजिक में वापसी को लेकर शाजान पद्मसी ने कहा, मैंने एक्टिंग को नहीं चुना, बल्कि एक्टिंग ने मुझे चुना। 22 साल की उम्र में किसी के लिए भी यह एक सपने के सच होने जैसा था, लेकिन मेरे अंदर कहीं गहराई में म्यूजिक की तरफ एक स्ट्रॉन्ग कॉलिंग थी। अंदर से एक आवाज कह रही थी कि क्रिएटिव तौर पर मुझे अभी बहुत कुछ एक्सप्लोर करना है।

# दीवार का पेंट उखड़ रहा है? इन 5 तरीकों से आप उसे कर सकते हैं ठीक

दीवारों पर पेंट उखड़ना एक आम समस्या है, खासकर अगर दीवारें नमी से प्रभावित हों। यह न केवल देखने में खराब लगता है, बल्कि दीवारों की उम्र को भी कम कर सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप इस समस्या का समाधान कर सकते हैं और अपनी दीवारों को नया जैसा बना सकते हैं। ये सभी तरीके आसानी से अपनाए जा सकते हैं और सस्ते भी हैं।

**दीवारों को साफ करें**

सबसे पहले प्रभावित क्षेत्र को साफ करना जरूरी है। इसके लिए एक स्पंज या ब्रश का उपयोग करें और उस जगह को अच्छी तरह से साफ करें, जहां से पेंट उखड़ रहा हो। अगर वहां पर कोई गंदगी या धूल-मिट्टी जमा हो तो उसे हटाएं। इससे पेंट लगाने में आसानी होगी और नया पेंट अच्छी तरह से चिपकेगा। इस प्रक्रिया से दीवार की सतह भी तैयार हो जाएगी, जिससे पेंट का असर बेहतर होगा।

**नमी को नियंत्रित करें**

नमी दीवारों के उखड़ने का मुख्य कारण होती है, जो सीलन पैदा करके उन्हें कमजोर भी कर सकती है। इसके लिए कमरे में हवा का प्रवाह बढ़ाएं, ताकि ताजगी बनी रहे और नमी कम हो।

इसके अलावा दीवारों पर हवा आने-जाने का ध्यान रखें, ताकि नमी बाहर निकल सके। इस तरह आप अपनी दीवारों को सुरक्षित रख सकते हैं और उन्हें लंबे समय तक नए जैसा बनाए रख सकते हैं।

**प्राइमर लगाएं**

पेंट लगाने से पहले प्राइमर लगाना बहुत जरूरी है। प्राइमर एक आधार तैयार करता है, जिससे नया पेंट अच्छी तरह से चिपकता है और लंबे समय तक टिकता है।

यह न केवल पेंट की गुणवत्ता बढ़ाता है, बल्कि दीवारों को मजबूत भी बनाता है। प्राइमर लगाने से पहले दीवारों को अच्छी तरह से साफ करें और सूखने दें।



इसके बाद ही नए पेंट को लगाएं, ताकि वह सही तरीके से जम सके और दीवारें सुंदर दिखें।

**सही पेंट चुनें**

दीवारों के लिए सही पेंट चुनना अहम है। ऐसे पेंट का चयन करें, जो नमी से बचाने वाला हो और जल्दी सूख जाए।

बाजार में कई प्रकार के नमी-रोधी पेंट उपलब्ध हैं, जिनमें पानी पर आधारित और तेल पर आधारित पेंट शामिल होते हैं। पानी पर आधारित पेंट ज्यादा बेहतर माने जाते हैं, क्योंकि ये जल्दी सूखते हैं और दीवारों को लंबे समय तक नया जैसा रखते हैं।

इसके अलावा ये पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित होते हैं।

**नियमित जांच करें**

एक बार जब आपने अपनी दीवारों पर नया पेंट लगा दिया हो तो नियमित अंतराल पर उसकी जांच करना जरूरी है। अगर कहीं पर कोई छोटा-सा हिस्सा उखड़ता हुआ दिखे तो उसे तुरंत ठीक करें, ताकि समस्या बड़ी न हो सके।

इसके अलावा समय-समय पर दीवारों की सफाई भी करते रहें, ताकि उनका रूप-रंग बरकरार रहे। इस तरह आप अपनी दीवारों को हमेशा खूबसूरत और मजबूत बनाए रख सकते हैं।

# माउंट यूनाम पर तिरंगा फहराकर विपुल ने बढ़ाया बुलंदशहर का मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति स्थित 6,111 मीटर ऊंचे माउंट यूनाम के शिखर पर तिरंगा और पीडीए का परचम फहराकर जहांगीराबाद के गांव भोपुर निवासी युवा एथलीट विपुल ने जिले का




नाम रोशन किया। पीडीए शिखर अभियान-2026 के तहत माउंट एवरेस्ट विजेता सागर कसाना के नेतृत्व में विपुल, हर्ष यादव और साहिल की चार सदस्यीय टीम ने कठिन पर्वतारोहण अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। टीम ने आठ अगस्त को अभियान की शुरूआत की थी और चरणबद्ध तरीके से ऊंचाई हासिल करते हुए खुद को कठिन उच्च हिमालयी परिस्थितियों के अनुकूल बनाया। अभियान का अंतिम और सबसे चुनौतीपूर्ण चरण 14 अगस्त की रात करीब साढ़े 11 बजे लगभग 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित समिट कैंप से शुरू हुआ। करीब सात घंटे की कठिन चढ़ाई के बाद टीम 15 अगस्त की सुबह 6:40 बजे माउंट यूनाम के 6,111 मीटर ऊंचे शिखर पर पहुंची और वहां राष्ट्रीय ध्वज तथा पीडीए का परचम फहराकर अभियान को सफल बनाया।

माउंट यूनाम पर कम ऑक्सीजन, अत्यधिक ठंड, तेज हवाओं, बर्फीली और तकनीकी चढ़ाई तथा खड़ी ढलानों ने पर्वतारोहियों की कड़ी परीक्षा ली। अभियान के अंतिम चरण में कई स्थानों पर करीब 75 डिग्री तक की खड़ी चढ़ाई का सामना करना पड़ा। इस दौरान चारों पर्वतारोहियों को एएमएस (एक्यूट माउंटेन सिकनेस) के साथ सिरदर्द, बुखार, उल्टी और भोजन न पचने जैसी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से भी जूझना पड़ा। कई दिनों तक कठिन परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद टीम ने संयम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प बनाए रखा और लक्ष्य हासिल किया।

अभियान के नेतृत्वकर्ता सागर कसाना ने कहा कि जब हौसले बुलंद हों तो मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियां भी रास्ता नहीं रोक सकतीं। यह अभियान केवल पर्वतारोहण नहीं, बल्कि देश के युवाओं और खिलाड़ियों के सपनों को नई ऊंचाई देने का संकल्प था। स्वतंत्रता दिवस पर माउंट यूनाम की चोटी पर तिरंगा और पीडीए का परचम फहराना पूरे दल के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।

पीडीए यानी प्ले, डेवलप और अचीव का उद्देश्य युवाओं और खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उन्हें सम्मान एवं बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और उनकी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संदेश देना है। अभियान दल की इस उपलब्धि पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पर्वतारोहण दल को बधाई दी। उन्होंने टीम की सफलता को युवाओं के साहस, संकल्प और उपलब्धि का प्रेरक उदाहरण बताया। गौरतलब है कि अखिलेश यादव ने सात अगस्त को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय से पीडीए शिखर अभियान का शुभारंभ कर पर्वतारोहियों को शुभकामनाएं दी थीं। विपुल के माउंट यूनाम फतह करने से जहांगीराबाद और जिले के खेलप्रेमियों व युवाओं में खुशी का माहौल है।

# डेंगू सिर्फ मानसून की बीमारी नहीं: हाई-राइज सोसायटी और निर्माण स्थल बन रहे मच्छरों के नए ठिकाने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डेंगू को अक्सर सिर्फ मानसून के मौसम में होने वाली बीमारी माना जाता है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अब यह सोच सही नहीं है।






तेजी से बढ़ता शहरीकरण, ऊंची इमारतें, जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्य और पानी के सही प्रबंधन की कमी के कारण शहरों में मच्छरों के पनपने की नई जगहें बन रही हैं। ऊंची मंजिलों पर रहने वाले बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी डेंगू से पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर थोड़ी मात्रा में जमा साफ पानी में भी पनप सकता है और ऊपरी मंजिलों तक पहुंच सकता है। डॉ. मनीष बालदे, वरिष्ठ नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, मदरहुड हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम और डॉ. प्रीति अग्रवाल, मेडिकल डायरेक्टर, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, मदरहुड हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम ने जानकारी दी डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। डॉ. मनीष बालदे*, वरिष्ठ नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, मदरहुड हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम ने कहा,

बच्चों में डेंगू का खतरा ज्यादा चिंता का विषय है क्योंकि वे हमेशा अपने लक्षणों को ठीक से बता नहीं पाते। माता-पिता को यह नहीं मानना चाहिए कि दसवीं या पंद्रहवीं मंजिल पर रहने से परिवार मच्छरों से सुरक्षित है। डॉ. प्रीति अग्रवाल, मेडिकल डायरेक्टर, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, मदरहुड हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम, ने कहा, गर्भवती महिलाओं को डेंगू के मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि डेंगू के कारण शरीर में पानी की कमी, ब्लीडिंग जैसी समस्याएं और समय से पहले प्रसव का खतरा बढ़ सकता है। गंभीर मामलों में इसका असर मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। हाई-राइज अपार्टमेंट में रहने वाली महिलाओं को भी यह नहीं मानना चाहिए कि वे मच्छरों से सुरक्षित हैं।

# डीएम ने भीमनगर में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण, अधूरे कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**गुलावठी।** नगर पालिका परिषद गुलावठी द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत मौहल्ला भीमनगर में कराए जा रहे तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मियों से कार्य प्रारंभ होने की तिथि, कुल लागत और निर्धारित अवधि के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान तालाब का निर्माण कार्य अपूर्ण पाया गया। संबंधित ठेकेदार ने जिलाधिकारी को बताया कि तालाब की लेवलिंग, चारों ओर रैंप निर्माण सहित अन्य अवशेष कार्य शीघ्र पूरा करा दिए जाएंगे। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने निर्देश दिए कि सभी अवशेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने तालाब परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा तालाब तक आने वाले मार्ग पर इंटरलॉकिंग कराने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि थर्ड पार्टी निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों को तत्काल दूर किया जाए और निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन नीतीश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चेयरमैन पुष्पा देवी का मुस्लिम समाज ने किया जोरदार स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** नगर पालिका परिषद हापुड़ की अध्यक्ष पुष्पा देवी व उनके पति श्रीपाल सिंह के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद सोमवार को मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं और प्रबुद्ध लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।



डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मौ. दानिश कुरैशी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्पा देवी और उनके पति श्रीपाल के आवास पर पहुंचकर उन्हें अंगवस्त्र पहनाया और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर मिठाई खिलाई।

दानिश कुरैशी ने कहा कि पुष्पा देवी ने बसपा की नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए भी शहर में कई अनेको विकास कार्य कराए हैं। अब उनके भाजपा में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलने के साथ ही शहर में चहुमुखी विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। चेयरमैन पुष्पा देवी ने कहा कि नगर के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। शहर के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील भी की।

इस मौके पर अखिलेश कुमार,विशाल,सागर, आरिफ त्यागी, सलीम चौधरी,अशरफ कुरैशी,डॉ. युसूफ सैफी, धर्मगुरु कारी शहजाद,मौलाना हनीफ,हाफिज उस्मान, मोहम्मद आदिल,मोहम्मद अहमद, रईसुद्दीन सैफी, इलियास अल्वी,डा दिलशाद अली,डा असद,आसिफ अब्बासी,मो. इरफान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आई.टी.एस. मोहन नगर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ 2026 एवं फ्यूजन-2026 ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मुरादनगर/गाजियाबाद।** (नासिर मंसूरी) आई.टी.एस. मोहन नगर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके उज्ज्वल शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य की मजबूत नींव रखने के उद्देश्य से प्रारंभ-2026 एवं फ्यूजन-2026 ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, उद्योग जगत की आवश्यकताओं तथा उपलब्ध करियर अवसरों से परिचित कराया जाएगा। यूजी कैंपस में बीबीए के 31वें बैच एवं बीसीए के 30वें बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ-2026 ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन 19 अगस्त 2026, बुधवार को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति में इनॉगुरल सेरेमनी के साथ होगा। कार्यक्रम में अर्पित चड्ढा, वाइस चेयरमैन, आई.टी.एस. द एजुकेशन ग्रुप, डॉ. आर.पी.सिंह, आईपीएस (सेवानिवृत्त) व पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश राजेश गर्ग, प्रेसिडेंट एवं ग्रुप सीईओ, योट्टा डेटा साइंसेज प्रा. लि. तथा ऑथर शेरी, इंटरनेशनल पब्लिक स्पीकिंग कोच विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। इसी क्रम में आई.टी.एस. मोहन नगर में एमबीए एवं एमसीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए फ्यूजन-2026 ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन 17 से 22 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। इसका इनॉगुरल सेशन 18 अगस्त 2026 को आयोजित होगा।

# सपा का कार्यकर्ता महासम्मेलन, 2027 में सरकार बनाने का दावा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कस्बा खुर्जा में समाजवादी पार्टी की ओर से कार्यकर्ता महासम्मेलन का आयोजन किया गया महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल शामिल हुए कार्यक्रम का आयोजन खुर्जा विधानसभा से दावेदारी कर रहे इंजीनियर आशु घोष निर्मल के नेतृत्व में किया गया महासम्मेलन में जनपदभर से बड़ी संख्या में सपा कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यकताओं ने वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का दावा किया।





कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा और योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदलाव की लहर है और आने वाले समय में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है कार्यकर्ता महासम्मेलन के दौरान इंजीनियर आशु घोष निर्मल ने भी कार्यकताओं के बीच अपनी सक्रियता दिखाई और खुर्जा विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया

# सीडीओ ने निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय का किया औचक निरीक्षण


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**निर्माण कार्य में देरी पर C&DS को सीडीओ ने लगाई फटकार, बच्चों के स्कूल न जाने पर भी जताई नाराजगी**

**सिकन्द्राबाद।** मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने चन्देरू, सिकन्द्राबाद स्थित निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था C&DS के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।







सीडीओ ने निर्माणाधीन विद्यालय के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण करते हुए निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कार्यस्थल पर मिले मजदूरों के बच्चे, स्कूल में दाखिला कराने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर मजदूरों के बच्चे टहलते हुए पाए गए। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित मजदूरों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों का विद्यालय में दाखिला कराया जाए और उन्हें नियमित रूप से पढ़ने के लिए विद्यालय भेजना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मजदूरों के बच्चों की शिक्षा किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। संबंधित अधिकारियों को बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ इसकी प्रभावी निगरानी के भी निर्देश दिए गए।

**कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में पाई गई कमियों को मुख्य विकास अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ कराए जाएं तथा कार्य की नियमित निगरानी की जाए। सीडीओ ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# चेकिंग में तीन शातिर अभियुक्त अवैध असलाह सहित गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तीन तमंचे,तीन जिन्दा कारतूस बरामद किये है। थाना हाफिजपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने निर्देश पर आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में थाना पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तीन तमंचे,तीन जिन्दा कारतूस बरामद किये है।




उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सलीम पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम बागवाला थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर,कमालुद्दीन उर्फ लाला पुत्र अल्ताफ उर्फ लटूर निवासी ग्राम लाल कुंआ शाहपुर बम्हेटा थाना बेवसिटी जनपद गाजियाबाद व नितिन पुत्र जय प्रकाश निवासी मानसरोवर पार्क लाल कुंआ जनपद गाजियाबाद है।

# पीआरडी जवानों का सम्मेलन 18 अगस्त को, विकास भवन में होगी लाइव स्ट्रीमिंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र के क्रम में अवगत कराया गया है कि मा. मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में 18 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे पीआरडी जवानों का सम्मेलन बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, रामगढ़ताल, गोरखपुर में आयोजित किया जाएगा।

उक्त सम्मेलन की लाइव स्ट्रीमिंग जनपद बुलन्दशहर में विकास भवन स्थित सभागार कक्ष में मा. जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराई जाएगी। सम्मेलन में जनपद के पीआरडी जवानों को प्रतिभाग कराया जाना है।

मुख्य विकास अधिकारी, बुलन्दशहर के निर्देशानुसार जनपद में तैनात क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों, व्यायाम प्रशिक्षकों तथा जनपद के अंतर्गत आने वाले 16 विकास खण्डों के प्रशिक्षित पीआरडी जवानों द्वारा सम्मेलन में बावर्दी प्रतिभाग करना अनिवार्य किया गया है।

कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, बुलन्दशहर ने संबंधित अधिकारियों एवं पीआरडी जवानों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त, अधिकारियों को दिए सुधार के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** विकास भवन सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार शिकायतों की स्थिति, निस्तारण की गुणवत्ता और शिकायतकताओं से मिले फीडबैक की समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए अधिकारी पोर्टल पर आने वाली शिकायतों की प्रतिदिन स्वयं मॉनीटरिंग करें और प्रत्येक शिकायत का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल कागजी खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर शिकायतकर्ता से सीधे बातचीत की जाए और मौके पर पहुंचकर जांच व तथ्यों का सत्यापन करने के बाद ही कार्रवाई की जाए। डीएम ने विशेष रूप से असंतुष्ट फीडबैक वाली शिकायतों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या शिथिलता के कारण जिले की रैंकिंग प्रभावित हुई तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डॉ. राम प्रसाद, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय वर्धन तोमर, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, डीपीआरओ वीरेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार और जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**शुभारंभ** | **विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी नृत्य, कला एवं संगीत प्रतियोगिता में भाग लिए**

# डेक्सलैब्स एआई एजुकेशन लखनऊ में एआई स्किल सेंटर का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** डेक्सलैब्स एआई एजुकेशन, जो विद्यालयी छात्रों में एआई साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु समर्पित एक पहल है। इंदिरा नगर, लखनऊ में अपने नए एआई स्किल सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर के अनेक विद्यार्थी, शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन एक दिवसीय प्रतिभा, शिक्षा एवं भविष्य-उन्मुख शिक्षा के उत्सव में सम्मिलित हुए। डेक्सलैब्स एआई स्किल सेंटर का उद्देश्य विद्यालयी छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है, साथ ही उनमें रचनात्मकता, तकनीक एवं उद्यमिता जैसे कौशल विकसित करना है। शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक प्रतिभागी छात्र को निःशुल्क डेक्सटेस्ट की सुविधा दी गई, जिससे उनकी योग्यता एवं भविष्य-तत्परता का आकलन किया जा सकेगा, साथ ही छात्रों एवं अभिभावकों को विशेषज्ञ द्वारा करियर परामर्श भी प्रदान किया। डेक्सटेस्ट के प्रदर्शन के आधार पर चयनित छात्र सेंटर के सांध्यकालीन कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु 100% तक की छात्रवृत्ति के भी पात्र बन सकते हैं। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण अंतर-विद्यालयी प्रतिभा प्रतियोगिता , जिसमें लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के छात्र नृत्य, कला एवं संगीत – श्रेणियों में भाग लिया। जिसमें प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को एकल हेतु 3,000 तथा समूह/युगल हेतु 5,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया।



इस अवसर पर डेक्सजेम अवार्ड्स का भी आयोजन किया, जो लखनऊ में शिक्षा के क्षेत्र में प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने हेतु समर्पित एक विशेष सम्मान समारोह। विशिष्ट विद्यालय प्रबंधकों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में पूर्व एमएलसी श्री अजय सिंह जी मुख्य अतिथि तथा श्री कुमार अशोक पांडेय जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, साथ ही शहर के अनेक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं शिक्षाविद भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस पहल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डेक्सलैब्स एआई एजुकेशन के संस्थापक सार्थक वत्स ने कहा – हर बच्चे को यह जानने का अवसर मिलना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता उनके भविष्य के लिए क्या कर सकती है।

# फुटबॉल प्रेमियों की बढ़ी धड़कने, रोनाल्डो जल्द ले सकते है रिटायरमेंट, किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली ।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने संकेत दिया है कि उनका शानदार फुटबॉल करियर मौजूदा सत्र के बाद समाप्त हो सकता है। रोनाल्डो ने स्वीकारा है कि यह 'संभवतः खेल में उनका आखिरी साल है।



41 वर्षीय खिलाड़ी का सऊदी प्रो लीग के क्लब 'अल-नस्र के साथ जून 2027 तक का करार है। पुर्तगाल के इस महानतम खिलाड़ी ने पहले ही कहा था कि वह रिटायरमेंट के करीब हैं, लेकिन अपने फुटबॉल करियर के लिए कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बताई है। हालांकि, रविवार को 'वोग के साथ एक इंटरव्यू में रोनाल्डो ने कहा कि वह शायद अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंच रहे हैं। रोनाल्डो ने 'वोग को दिए इंटरव्यू में कहा, यह शायद फुटबॉल में मेरा आखिरी साल है। मैं एक शानदार विरासत छोड़ना चाहता हूं।


मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267